अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com | उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र | आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



# दैनिक राष्ट्रीय प्रस्तावना

गाँव से गवर्नेन्स तक



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, अयोध्या, झांसी,अम्बेडकरनगर, एटा,औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 14 अंक 233 लखनऊ, सोमवार, 10 मार्च 2025 पृष्ठ: 8 मूल्य : 2.00

## संक्षिप्त

### धनखड़ एम्स में भर्ती, मोदी ने ली स्वास्थ्य की जानकारी

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की तबीयत रविवार को अचानक बिगड़ गयी जिसके बाद उन्हें यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान(एम्स) में भर्ती कराया गया। तिहत्तर वर्षीय श्री धनखड़ को आज तड़के बेचैनी और सीने में दर्द की शिकायत के बाद तत्काल एम्स ले जाया गया और कार्डियोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. राजीव नारंग की देखरेख में क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) में भर्ती कराया गया। उन्हें एक स्टेंट सफलतापूर्वक प्रत्यारोपित किया गया है और डॉक्टरों की टीम उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है। उनकी हालत अभी स्थिर बतायी गयी है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एम्स जाकर श्री धनखड़ के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। श्री मोदी ने कहा, एम्स जाकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जी के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य और शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

### जीएसटी में होना चाहिए व्यापक सुधार : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस पार्टी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की जीएसटी दरों में कटौती घोषणा और इससे जुड़े अन्य विषयों पर रविवार को सरकार के समक्ष तीन प्रमुख मांगें रखी हैं। कांग्रेस पार्टी ने व्यापक सुधार की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा है कि सरकार को मौलिक रूप से सरलीकृत और कम दंडात्मक जीएसटी-2.0 लाना चाहिए। पार्टी के महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने आज एक बयान में कहा कि जीएसटी-2.0 का लक्ष्य कर स्लैब को सरल बनाने के लिए होना चाहिए। इसका दूसरा लक्ष्य अनुपालन तंत्र की कमजोरी को दूर करना भी होना चाहिए। तीसरा सरकार को कई आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी दरों में कटौती करनी चाहिए।उन्होंने यह भी कहा कि वस्तु की मूल्य श्रृंखला में कई स्तरों पर कर लगाए जाते हैं, जिसमें बदलाव किया चाहिए।

### भारतीय सेना की टुकड़ी 'खंजर' अभ्यास में हिस्सा लेने किर्गिस्तान रवाना

नई दिल्ली। भारतीय सेना की टुकड़ी संयुक्त विशेष बल अभ्यास 'खंजर' में शामिल होने के लिए रविवार को किर्गिस्तान के लिए रवाना हुई है। अभ्यास खंजर का 12वां संस्करण 10 मार्च से 23 मार्च तक किर्गिस्तान में होगा। इस अभ्यास की शुरुआत 2011 में हुई थी। भारत और किर्गिस्तान के बीच हर साल होने वाला यह अभ्यास दोनों देशों के रणनीतिक संबंधों के अनूठे आयाम को दर्शाता है। पिछला अभ्यास जनवरी 2024 में भारत में किया गया था।

# युवाओं की प्रगति के रास्ते का हर बैरियर हटाएगी सरकार : योगी

**'सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान' में एससी, एसटी और महिलाओं के लिए विशेष प्रावधान**

● हरिद्वार और प्रयागराज को जोड़ने वाला गंगा एक्सप्रेस जल्द होगा शुरू : योगी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





लखनऊ/मेरठ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को मेरठ एवं सहारनपुर मंडल के 1070 युवाओं को 48 करोड़ के ऋण वितरण कार्यक्रम में शिरकत किया। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के नेताजी सुभाष चंद्र बोस प्रेक्षागृह में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने युवाओं के उत्साह और सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने युवाओं को आश्वस्त किया कि सरकार उनके लिए हर अवसर के बैरियर को हटाएगी।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में बताया कि 24 जनवरी को शुरू की गई 'सीएम युवा उद्यमी स्कीम' को लेकर प्रदेश के युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला है। योजना के तहत 1 लाख आवेदनों के लक्ष्य के सापेक्ष 2 लाख 67 हजार से अधिक युवाओं ने आवेदन किया है। इनमें से 1 लाख से अधिक आवेदनों को स्क्रीनिंग के बाद बैंकों को भेजा गया, जिनमें से 25 हजार से अधिक को मंजूरी मिल चुकी है और ऋण वितरण शुरू हो गया है। आज मेरठ में 1070 युवाओं को इस योजना का लाभ मिला।


सीएम ने कहा कि पहले चरण में 5 लाख रुपये तक का ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसका पूरा ब्याज सरकार वहन करेगी। अनुसूचित जाति, जनजाति और महिलाओं के लिए योजना में विशेष प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह योजना युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और पीएम मोदी के 'स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया' के विजन को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सीएम ने मेरठ को क्रांतिधरा और पावन स्थल बताते हुए कहा कि इसे शिक्षा का हब बनाना जरूरी है। उन्होंने आश्वस्त किया कि पश्चिमी यूपी को विकास से नहीं पिछड़ने दिया जाएगा।

सीएम ने हाल ही संपन्न महाकुम्भ का जिक्र करते हुए कहा कि 66 करोड़ 30 लाख श्रद्धालुओं ने इसे सुरक्षित और श्रद्धापूर्वक अनुभव किया। गंगा एक्सप्रेसवे को हरिद्वार तक विस्तार देने की योजना की बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह दो कुंभ नगरियों को जोड़ेगा। देश की पहली रैपिड रेल दिल्ली-मेरठ के बीच शुरू होने से यात्रा आसान हुई है। उन्होंने दावा किया कि अब प्रदेश में कानून व्यवस्था का संकट नहीं है और हर बेटी, व्यापारी व नौजवान सुरक्षित है। कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री ने योजना के तहत कारोबार शुरू करने वाले युवाओं की प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

# एयरोस्पेस क्षेत्र की चुनौतियों से निपटने के लिए अनुसंधान और विकास बढाना जरूरी: राजनाथ

● रक्षा मंत्री ने एयरोस्पेस चुनौतियों से निपटने के लिए रिसर्च बढ़ाने का किया आह्वान

एजेंसी



नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को बेंगलुरु में भारतीय वायु सेना के एयरोस्पेस मेडिसिन संस्थान (आईएएम) का दौरा किया। उन्होंने अंतरिक्ष मनोविज्ञान पर उन्नत अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन करते हुए एयरोस्पेस चुनौतियों से निपटने के लिए अनुसंधान एवं विकास बढ़ाने का आह्वान किया। यह पहला मौका है, जब किसी रक्षा मंत्री ने इस संस्थान का दौरा किया है। इस दौरान उन्हें पायलट प्रशिक्षण, उनके चिकित्सा मूल्यांकन और एयरोमेडिकल अनुसंधान में आईएएम की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई।

रक्षा मंत्री ने लड़ाकू पायलटों के प्रशिक्षण के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले डायनेमिक फ्लाइट सिम्युलेटर और हाई परफॉरमेंस ह्यूमन सेंट्रीफ्यूज का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संस्थान में उन्नत अनुसंधान केंद्र का भी शुभारंभ किया। इस परियोजना का शीर्षक 'अंतरिक्ष मनोविज्ञान : भारतीय अंतरिक्ष मिशनों के लिए अंतरिक्ष यात्रियों और अंतरिक्ष यात्रियों के चयन और व्यावहारिक स्वास्थ्य प्रशिक्षण' है। अपने संबोधन में राजनाथ सिंह ने हवाई और अंतरिक्ष यातायात में निरंतर वृद्धि के मद्देनजर एयरोस्पेस मेडिसिन में विशेषज्ञता की बढ़ती आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

# होली में 60 हजार करोड़ का होगा कारोबार : कैट

एजेंसी



नई दिल्ली। खुदरा कारोबारियों का संगठन कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने आज कहा कि इस वर्ष की होली में देश में 60 हजार करोड़ रुपये का कारोबार होने की संभावना है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं चांदनी चौक से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने रविवार को बताया कि इस साल होली के मौके पर देशभर में 60 हजार करोड़ रुपये से अधिक के व्यापार होने की संभावना है, जो पिछले साल की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है। पिछले वर्ष यही कारोबार लगभग 50 हज़ार करोड़ रुपये का था। श्री खंडेलवाल ने बताया कि कारोबारियों और ग्राहकों ने इस बार भी चीन में बने उत्पादों का बहिष्कार किया, जिससे भारतीय निर्मित हर्बल रंग, गुलाल, पिचकारी, मिठाइयां, ड्राई फ्रूट्स, परिधान, गिफ्ट आइटम और अन्य उत्पादों की बिक्री में जबरदस्त उछाल देखने को मिल रहा है।

होली के उत्सव ने छोटे कारोबारियों, खुदरा विक्रेताओं और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उपमक्र (एमएसएमई) क्षेत्र के लिए बड़े आर्थिक अवसर पैदा किए हैं। दिल्ली में ही आठ हजार करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार होने की उम्मीद है, जहां बाजारों में रंग, गुलाल, पिचकारी, मिठाइयों और उपहारों की खरीदारी के लिए भीड़ उमड़ रही है।

# महिला सुरक्षा और संरक्षण का मजबूत आधार बना 'वन स्टॉप सेंटर'

● वन स्टॉप सेंटर से दो लाख से अधिक पीड़ित महिलाओं को मिली सहायता

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





लखनऊ। उत्तर प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित करने की दिशा में संचालित 'वन स्टॉप सेंटर' पीड़ित महिलाओं और बालिकाओं के लिए संबल बनकर उभरा है। वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से अब तक दो लाख से अधिक पीड़ित महिलाओं को सहायता दी जा चुकी है।

सरकारी प्रवक्ता के मुताबिक, घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा, यौन उत्पीड़न, बाल विवाह, शोषण और लैंगिक भेदभाव से पीड़ित महिलाओं को इन केंद्रों पर न केवल चिकित्सा और कानूनी सहायता मिल रही है, बल्कि उन्हें पुनर्वास और काउंसलिंग की भी सुविधा प्रदान की जा रही है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ते हुए राज्य सरकार ने 181 महिला हेल्पलाइन के माध्यम से सात लाख से अधिक महिलाओं को मदद पहुंचाई है। इसके अलावा, प्रदेशभर में 1100 पिंक शौचालयों का निर्माण कर महिलाओं की गरिमा और सुविधा का ध्यान रखा गया है। सरकार की मंशा के अनुरूप महिलाओं और बालिकाओं के हित में संचालित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग बेहतर रणनीति के तहत काम कर रही है। जिससे अधिक से अधिक पात्र महिलाएं लाभान्वित हो सकें। यही वजह है कि आज यूपी की महिलाएं स्वावलंबन की ओर बढ़ रही हैं। योगी सरकार निराश्रित महिलाओं के जीवन-यापन में आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से उन्हें प्रतिमाह 1000 रुपये की पेंशन उपलब्ध करा रही है। इस योजना के तहत प्रदेश की 34.14 लाख निराश्रित महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं।

# महोली में पत्रकार की निर्मम हत्या के विरोध में पत्रकारों का धरना प्रदर्शन

● मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन
● हत्या करने वाले आरोपियों का एनकाउंटर की मांग
● मुख्यमंत्री से पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





शाहजहांपुर/सीतापुर में पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की हत्या के विरोध में शाहजहांपुर के पत्रकारों ने धरना प्रदर्शन किया। चक्का जाम किया और पैदल मार्च निकाला। पत्रकारों की मांग है कि हत्या करने वाले आरोपियों का एनकाउंटर किया जाए और पीड़ित परिवार को एक करोड़ का मुआवजा दिया। जाए साथ ही पत्रकार सुरक्षा कानून की भी मांग की गई। पत्रकारों ने चेतावनी दी है कि अगर हत्यारों के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो फिर पत्रकार उग्र प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। दरअसल सीतापुर जिले में पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की दिनदहाड़े 4 गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पत्रकार की दिनदहाड़े हत्या के बाद शाहजहांपुर में पत्रकारों में भारी रोष है। आज जिले भर के पत्रकारों ने धरना प्रदर्शन किया और सुदामा चौराहे पर चक्का जाम किया। इसके बाद सभी पत्रकार नारेबाजी करते हुए पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होंने ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम से जिला प्रशासन को सौप है। ज्ञापन के जरिए पत्रकारों ने मांग की है कि पत्रकार की हत्या करने वाले आरोपियों का एनकाउंटर किया जाए।

ताकि एक ठोस संदेश अपराधियों के बीच में जाए। इसके अलावा पत्रकार के परिवार को एक करोड रुपए मुआवजा देने और पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की गई पत्रकारों का कहना है प्रदेश और देश में सच्चाई दिखाने वाले पत्रकारों की जान खतरे में है। ऐसे में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करना बेहद जरूरी है।

पत्रकारों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्दी हत्यारो की गिरफ्तारी नहीं की गई और परिवार को आर्थिक मुआवजा नहीं दिया गया तो यह प्रदर्शन पूरे प्रदेश में फैल जाएगा। और सबसे बड़ा आंदोलन शहीदों की नगरी शाहजहांपुर से शुरू होगा और देश के कोने कोने तक जायेगा।

# मणिपुर के कांगपोकपी में तनाव बरकरार, स्थिति नियंत्रण में

एजेंसी

इंफाल। मणिपुर के कांगपोकपी जिले में तनावपूर्ण माहौल है, हालांकि स्थिति नियंत्रण में है। कूकी-जो संगठनों ने सुरक्षा बलों की कार्रवाई के विरोध में रविवार को अनिश्चितकालीन बंद का आह्वान किया है, जिससे समुदाय-बहुल क्षेत्रों में जनजीवन प्रभावित हुआ है। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-2 (इंफाल-डिमापुर मार्ग) सहित जिले के संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा एजेंसियां लगातार गश्त कर रही हैं।

उल्लेखनीय है कि शनिवार को हिंसक प्रदर्शन में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 40 से अधिक लोग घायल हो गए, जिनमें महिलाएं और पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, यह झड़प तब हुई जब प्रदर्शनकारियों ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के ''मणिपुर में स्वतंत्र आवागमन'' के निर्देश पर मुक्त आवाजाही शुरू हुई। तभी चल रही स्टेट बसों तथा सुरक्षाबलों पर पथराव कर पथराव किया गया, जिससे सुरक्षाकर्मियों समेत कई लोग घायल हुए हैं। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर आग जलाकर रास्ते को अवरुद्ध कर दिया। इस पर पुलिस को मजबूरन आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। बताया गया कि रात तक जारी इस झड़प में प्रदर्शनकारियों ने गुलेल और पत्थरों से हमला किया, जिससे सुरक्षा बलों के पांच वाहनों के शीशे टूट गए। कूकी-जो काउंसिल (केजेडसी) के बुलाए गए इस बंद को इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम (आईटीएलएफ) का समर्थन मिला है।

# भारतीय किसान उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में प्रतिपाल यादव जिला अध्यक्ष लखनऊ मनोनीत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। भारतीय किसान उद्योग व्यापार मंडल लखनऊ कार्यालय पर बैठक हुई बैठक मे संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष फिरोज अहमद ने संगठन के राष्ट्रीय व प्रदेश पदाधिकारियों की सहमति पर लखनऊ विशाल सिटी दुबग्गा निवासी प्रतिपाल यादव को जिला अध्यक्ष लखनऊ मनोनीत किया गया संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष फिरोज अहमद जी ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष से 1 माह के अंदर लखनऊ जिले की कमेटी बनाने की जिम्मेदारी और बधाईव शुभकामनाएं दी नवनियुक्त जिला अध्यक्ष प्रतिपाल यादव ने राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व का धन्यवाद ज्ञापित किया उन्होंने कहा जो जिम्मेदारी दी गई है हम उसका ईमानदारी निर्वाहन करेंगे किसी भी किसान व व्यापारी को समस्या आती है तो शासन प्रशासन से मिल निस्तारण कराने का काम करुंगा मौके पर मौजूद प्रदेश संरक्षक एवं दुबग्गा परिक्षेत्र अध्यक्ष श्री सईद अहमद प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद फैज अब्दी आदित्य यादव रिंकी श्रीवास्तव रंजीत श्रीवास्त आशीष यादव दुबग्गा परिक्षेत्र मंत्री इशरत अली संदीप यादव सोनू यादव चंदन यादव उपेंद्र यादव शिव गुप्ता पवन वर्मा सुधांशु द्विवेदी व तमाम ने फूल माला पहनाकर मिठाई खिलाकर बधाई शुभकामनाएं दी।

# घोटालों में फंस सकती है तत्कालीन सीएमओ सहित दर्जन भर से अधिक अधिकारियों की गर्दन

● स्वास्थ्य विभाग मामले को ठंडे बस्ते में डालने को कर रहा था प्रयास,कि सीएमओ का हो गया ट्रांसफर
● नवागत सीएमओ ने लिया संज्ञान,मामले में हो सकती है सख्त कार्यवाही
● स्वास्थ्य विभाग में चश्मा वितरण और सामान डंप करवाने का मामला
● सीएचसी पीएचसी पर संचालित तमाम योजनाओं पर आने वाले बजट में लाखों रुपए की हेरा फ़ेरी

**राष्ट्रीय प्रस्तावना की खबर का हुआ असर**

ललित तिवारी

शाहजहांपुर। स्वास्थ्य विभाग में हो रही बहुत बड़े पैमाने पर रुपयों के गबन की खबर प्रकाशित होने के बाद जनपद में हड़कंप मच गया।चश्मा वितरण, कोरोना काल में सीएचसी पीएचसी पर बनावाए गए बेड और स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रही तमाम योजनाओं में खर्च होने वाले लाखों रुपए प्रतिमाह के बजट को कागजों में दर्शाकर पैसा गबन करने के मामले में डीएम धनमेंद्र प्रताप सिंह ने पूरे मामले की जांच सीडीओ डाक्टर अपराजिता सिंह को सौंपी है।पहले दिन की ही जांच में 21 लाख रुपए के 4390 चश्मे कागजों में वितरित कर दिए गए।इसके अलावा कोरोना काल में सीएचसी पीएचसी पर बनावाए गए सेंटरों पर पचास से लेकर दस बेड तक के सेंटर बनाने में बहुत बड़ा खेल किया गया।कई स्थानों पर तो बेड लगाना तो दूर कोरोना पॉजिटिव व्यक्ति के लिए बैठने तक की व्यवस्था नहीं की गई थी।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की ही माने तो कई जगह बेड, चादर, तकिया, पंखे,तथा अन्य सामान अस्पताल तक आया और रातोरात गायब हो गया।जानकारी मिली है कि लगभग सभी सीएचसी पीएचसी पर प्रसव को लेकर बड़ा खेल हो रहा है।केंद्रों पर आने वाली गर्भवती महिलाओं को गलत जानकारी देकर प्राइवेट अस्पताल ले जाने की सलाह दी जाती है। लिखापढ़ी में प्रसव सीएचसी, पीएचसी पर ही दिखाया जाता है।डीएम धनमेंद्र प्रताप सिंह ने इस गम्भीर मामले की जांच सीडीओ डाक्टर अपराजिता सिंह को सौंपी।जांच में पहले दिन ही चश्मों की जांच की गई तो बड़ा घोटाला सामने आया। 21 लाख रुपए के 4390 चश्मों को केवल कागजों में ही हेराफ़ेरी कर पैसा निकाल लिया गया।

जांच में ये भी पाया गया कि कोरोना काल में कुछ जरूरी सामान पुराना रखबाकर नए सामान की बिलिंग करा ली गई।इन सभी प्रकरणों में सभी स्टोर इंचार्ज की भूमिका संदिग्ध है। चश्मा वितरण मामले में जांच कर रही सीडीओ ने नेत्र अधीक्षक से पूछताछ की तो वह कोई जवाब नहीं दे सके।जानकारों के मुताबिक इस मामले में तत्कालीन सीएमओ,एसीएमओ,स्टोर इंचार्ज समेत एक दर्जन अधिकारियों की गर्दन फंसना तय है।सीडीओ डाक्टर अपराजिता सिंह ने बताया कि मामला गंभीर है इसलिए काफी बारीकी से जांच की जा रही है।अब देखना है कि नवागत सीएमओ इस गंभीर मामले को किस प्रकार हैंडल करते हैं।

# महिला दिवस का जश्न, होली के रंग, महिला बंदियों के संग

■ वस्त्र, रंग एवं खाद्य सामग्री पाकर खिले बंदियों के चेहरे।

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**हरदोई।** सामाजिक संस्था एस०एस० एन० जनकल्याण समिति द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं रंग पर्व होली के चलते आज़ जिला महिला कारागार पहुंचकर जेलर योगेश कुमार एवं संस्थापक अधिवक्ता अरविन्द कुमार सिंह के नेतृत्व में वस्त्र, रंग एवं खाद्य सामग्री वितरित की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुँचे क्षेत्राधिकारी नगर अंकित मिश्रा ने संस्था के माध्यम से बंदी सभी महिलाओ को साड़ी, फल, बिस्कुट, नमकीन, सनाटरी पैड, बच्चों के कपड़े, बच्चों की चप्पल, खून बढ़ाने की सिरप, कैल्शियम सिरप आदि का वितरण किया गया। संस्था के संस्थापक अरविन्द कुमार सिंह ने महिला बंदियों को अपराध से दूर रहने के संबंध में जागरूक किया और क्षेत्राधिकारी नगर अंकित मिश्रा ने कार्यक्रम के आयोजकों एवं समिति के सदस्यों को शानदार आयोजन की बधाई दी और भविष्य में ऐसे कार्यक्रम आयोजित करते रहने का सुझाव भी दिया। इस मौके पर श्रद्धा मिश्रा, प्रीती मिश्रा, कल्पना दीक्षित, पिंकी यादव, पूनम सिंह, मोनिका, स्मिता मिश्रा, पुनीत गुप्ता, एस०पी० सिंह, कुसुमलता गुप्ता, नीलम सिंह, डॉ० सोहिनी द्विवेदी, अमित सिंह, सौरभ सिंह मोन, आशीष शर्मा, कर्ण सिंह राणा आदि मौजूद रहे।

# दंगा नियंत्रण का हरदोई पुलिस ने किया अभ्यास





राष्ट्रीय प्रस्तावना

■ त्योहार को लेकर अलर्ट, एसपी बोले–बल प्रयोग अंतिम विकल्प

**हरदोई।** पुलिस ने त्योहारी सीजन से पहले अपनी तैयारियों को धार दी है। पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन के निर्देशन में बलवा और दंगा नियंत्रण का विशेष अभ्यास कराया गया।

क्षेत्राधिकारी नगर अंकित मिश्रा और प्रतिसार निरीक्षक की मौजूदगी में पुलिसकर्मियों ने दंगा नियंत्रण की विभिन्न तकनीकों का अभ्यास किया। एसपी ने पुलिसकर्मियों से सीधा संवाद किया। उन्होंने दंगा नियंत्रण में सटीक रणनीति अपनाने पर विशेष जोर दिया।

एसपी ने महत्वपूर्ण दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बल का प्रयोग अंतिम विकल्प होना चाहिए। पुलिसकर्मियों को पहले संवाद और शांतिपूर्ण तरीकों को अपनाना चाहिए। जनता के साथ संयम और सहानुभूति से पेश आने की हिदायत दी गई। रिहर्सल में विभिन्न परिस्थितियों के लिए अलग.अलग ड्रिल कराई गई। इससे पुलिसकर्मियों के बीच बेहतर समन्वय विकसित हुआ। साथ ही उनकी त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता में भी वृद्धि हुई। यह अभ्यास आपात स्थिति में पुलिस की तैयारियों को परखने के लिए था। इससे यह सुनिश्चित हुआ कि पुलिस बल किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## भागवत कथा में सुनाया कंस वध व गोवर्धन पूजा का प्रसंग





राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरियावाँ ( हरदोई )।** क्षेत्र के भीठी नेवादा गांव के गोकुल पुरवा में हो रही श्रीमद् भागवत कथा में शनिवार की रात्रि में नगला डाडा जिला एटा से आए हुए कथावाचक ब्रजेश कुमार शास्त्री ने कंस वध के प्रसंग का वर्णन सुंदर ढंग से किया। जिसको सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो उठे। जयकारे की गूंज पूरे पंडाल में गूंजती सुनाई दी। राधा–कृष्ण की मनोहारी झांकी भी प्रस्तुत की गईए जिसको देख भक्तगण भाव विभोर हो उठे। शास्त्री ब्रजेश कुमार ने कंस वध की कथा सुनाते हुए कहा कि कंस ने मथुरा में आतंक मचा रखा था। भगवान कृष्ण ने उसका वध कर आतंक से मुक्ति दिलाई। दुष्ट कंस के बुलाने पर श्रीकृष्ण अपने बड़े भाई दाऊजी के साथ मथुरा पहुंचे। जहां उनके दर्शन के लिए लोग उमड़ पड़े। मल्ल युद्ध के बाद श्रीकृष्ण ने कंस का वध किया। भगवान श्रीकृष्ण के जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो उठा। उसके बाद शास्त्री ने गोवर्धन लीला का प्रसंग सुनाया। कथावाचक शास्त्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी लीलाओं से जहां कंस के भेजे विभिन्न राक्षसों का संहार कियाए वहीं ब्रज के लोगों को आनंद प्रदान किया। प्रसंग में बताया कि इंद्र को अपनी सत्ता और शक्ति पर घमंड हो गया था। उसका गर्व दूर करने के लिए भगवान ने ब्रज मंडल में इंद्र की पूजा बंद कर गोवर्धन की पूजा शुरू करा दी। इससे गुस्साए इंद्र ने ब्रज मंडल पर भारी बरसात कराई। प्रलय से लोगों को बचाने के लिए भगवान ने कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठा लिया। सात दिनों के बाद इंद्र को अपनी भूल का एहसास हुआ। कथा के दौरान संगीतमय भजनों पर श्रद्धालु महिलाओं ने भावविभोर कर नृत्य भी किया। आयोजन में रामू, सर्वेश, मनोज, संदीप, अनुज, राकेश, राजपाल, सतपाल, विमलेश, आकाश, रवि, सुरेश, नीरज, दीपक आदि सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## होली के पर्व को देखते हुए जुम्मे की नमाज का बदला वक्त

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** अंजुमन इस्लामिया जिला हरदोई ने होली के त्यौहार के मद्देनजर आपसी भाईचारे और हरदोई की गंगा जमुनी तहज़ीब को देखते हुए यह निर्णय लिया है जामा मस्जिद में नमाज दोपहर की ०1:00 बजे के स्थान पर ०2:00 बजे पढ़ाई जाएगी इस संबंध में अंजुमन इस्लामिया ने सभी मस्जिदों के इमाम और जिम्मेदारों को खत भेज कर इस बाबत बता दिया है कि वह लोग भी अपनी मस्जिदों में नमाज जुम्मा का वक्त ०2:00 बजे कर ले इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक, जिला अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली, इंस्पेक्टर मनोज इंस्पेक्टर एल0आई0 यू0 को भी दी गई है इस बारे में दि अंजुमन इस्लामिया के सदर मोहम्मद खालिद ने पत्रकार मोहम्मद आमीन को बताया की हर पर्व का मतलब एक दूसरे की खुशियों में शरीक होना है सभी लोग एक दूसरे की खुशियों का ख्याल रखते हुए अपने–अपने त्यौहार मनाए जिससे हमारे शहर में अमान व अमान और भाईचारा कायम रहे किसी भी को किसी भी प्रकार की कोई तकलीफया कष्ट देना किसी भी धर्म या संप्रदाय में नहीं कहा गया है सभी लोग मिलजुल पर पर्व मनाये और एक दूसरे की खुशियों का ख्याल रखें।



सदर अंजुमन इस्लामिया मोहम्मद खालिद

### मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन सौपा

**हरपालपुर ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** सीतापुर के पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की गोली मारकर हत्या किए जाने के विरोध में स्थानीय पत्रकारों ने कड़ा विरोध जताते हुए मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन प्रभारी निरीक्षक छोटेलाल को सौपा है। वरिष्ठ पत्रकार बीजी मिश्रा ने कहा पत्रकार के हत्यारों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए तथा दिवंगत पत्रकार के परिजनों को एक करोड रुपए मुआवजा दिया जाए तथा पत्रकारों की सुरक्षा के लिए कानून बनाया जाए। स्थानीय पत्रकारों ने शोकसभा कर दिवंगत पत्रकार की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। इस मौके पर राघवेंद्र प्रताप सिंह, अश्वनी यादव, अनुराग मिश्रा, निखिल दीक्षित, प्रशांत त्रिपाठी, आलोक सिंह, शैलेंद्र शर्मा, प्रतुल कुमार, विजय शंकर सिंह मौजूद रहे।

### पानी डालने को लेकर विवाद, तहरीर दी

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम फ्तेपुर गाजी में निकास पर पानी डालने को लेकर हुए विवाद के मामले में थाना पुलिस ने पीड़िता की लिखित तहरीर के आधार आरोपी पिता पुत्र के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पीड़िता रसीदन पत्नी दिलदार के अनुसार 3 मार्च को उसने अपने निकास पर सफाई हेतु पानी डाल दिया था। गांव के पड़ोसी भारत पुत्र सीताराम ने अपने पुत्र लकी के साथ इसी बात का विरोध मानकर उसके दरवाजे पर आकर गाली गलौज किया और उसे मारने दौड़ पड़े। देवर यासीन के आ जाने पर आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर चले गए। थाना पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कच्ची शराब सहित एक गिरफ्तार

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली पुलिस ने कच्ची शराब कारोबारियों के खिलाफ चलाए जा रहे हैं अभियान के अंतर्गत एक व्यक्ति को कच्ची शराब सहित गिरफ्तार किया है। जिसके खिलाफ कार्रवाई की गई। पूरवा पिपरिया मार्ग पर पुलिस ने कालागाड़ा निवासी विजय शर्मा को गिरफ्तार किया। जिसके पास से एक प्लास्टिक का झोला मिला। झोले में देशी शराब के बीस पौआ बरामद हुए हैं। विजय शर्मा ठेके से पौआ खरीद कर मनमाने दामों पर बेंच रहा था। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

### दुकानों में आग लगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के सहिजना गांव में एक व्यक्ति द्वारा पुरानी रंजिश के चलते दो दुकानों में आग लगा दी गई जिससे उसका काफी सामान जल गया। पीड़ित दुकानदार ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अरशद पुत्र अनवार निवासी सहिजना के अनुसार 27 फरवरी को मानपुर गांव के रहने वाले संतराम गुप्ता पुत्र श्री राम गुप्ता ने उसकी दो दुकानों में आग लगा दी थी जिससे उसकी काफी सामान जल गया। पीड़ित व्यक्ति ने बेहटा गोकुल थाने में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रविवार को शाम 5रू00 बजे प्रभारी निरीक्षक बेहटा गोकुल ने बताया आरोपी संतराम को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### ईंट पाथने वाली महिला को मारपीट कर घायल किया

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के ग्राम मानपुर में ईंट भट्ठे पर ईंट पाथने का काम कर रही महिला मजदूर को वहीं काम करने वाले मजदूरों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की लिखित तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम कुसुमा निवासी पीड़िता सुदामा पत्नी बनवारी के अनुसार वह ईट भट्ठे पर रहकर ईंट पथाई का कार्य करती है। शुक्रवार दोपहर 11 बजे के करीब वहीं पथाई का कार्य करने वाले मझिला थाना क्षेत्र सेमरापुरवा निवासी प्रेमकुमार और लालपाल ने उसे गाली गलौज किया। गाली देने से मना करने पर विपक्षियों की पत्नियों ने उसे डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। रविवार को पूर्वाह्न साढ़े ग्यारह बजे प्रभारी निरीक्षक ने बताया घटना की लिखित तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## होली के दिन जुमें की नमाज सकुशल संपन्न कराए जाने को लेकर पीस कमेटी की मीटिंग संपन्न



पीस कमेटी की बैठक को सम्बोधित करते प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार पंकज फोटो: राष्ट्रीय प्रस्तावना

■ त्योहार पर माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई: प्रभारी निरीक्षक

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**बेनीगंज ( हरदोई )।** होली और जुमे की नमाज को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के लिए शनिवार को कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में क्षेत्र के प्रधान, गणमान्य लोग समाजसेवी, धर्मगुरु शामिल हुए।

प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार पंकज ने शासन के निर्देशों के तहत होली और जुम्मे की नमाज एक साथ होने के कारण सौहार्द के साथ मनाने की बात कही। होली पर शराब के सेवन से बचने की हिदायत दी। विवादित होलिका दहन स्थलों की जानकारी ली।होलिका दहन शांति पूर्ण तरीके से करें। होलिका दहन स्थल पर कोई परेशानी हो तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि रूपेश अंजाना, नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष लव कुमार मिश्रा, दुर्गा शरण वर्मा, उमेश चंद्र, मौलाना नईमुद्दीन कासमी, मुफ्ती मोहम्मद राशिद, सपा नगर अध्यक्ष समीउल्लाह अंसारी, राशिद, रियासत अली, खलील अहमद, नौशाद, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, शैलेंद्र मिश्रा बड़क्के, महेंद्र कुमार वर्मा, सरवन कुमार आदि बड़ी संख्य में लोग मौजूद रहे।

### माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले बक्से नहीं जायेगे

**बेनीगंज।** पुलिस का काम कानून.व्यवस्था को बनाए रखना है। माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों एवम् सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी । आसामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।

### डीजे बजाने वाले लोगों को नोटिस देकर किया पाबंद

**बेनीगंज।** शासन की गाइडलाइन के तहत दिन और रात में निर्धारित डेसिबल के तहत आवाज में डीजे बजाने के साथ अश्लील गाने ना बजाएं जाने की हिदायत दी।

### हिंदू मुस्लिम सामुदाय समय का रखें ध्यान

**बेनीगंज।** हिंदू समाज के लोग दोपहर ०1:00 बजे तक होली खेलें। मुस्लिम समुदाय के लोग दोपहर ०1:30 बजे के बाद जुम्मे की नमाज अदा करें। प्रभारी निरीक्षक ने बैठक में आए सभी लोगों से पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

## सिनेमा चौराहा स्थित डॉक्टर के कंपाउंडर पर पर्स चोरी करने का युवक ने लगाया आरोप

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कचूरा के रहने वाले युवक संजय पुत्र राजेश ने सिनेमा चौराहा स्थित डॉ दिनेश अग्निहोत्री के कंपाउंडर पर 8700 की नगदी और एक जोड़ी पायल रखी हुई पर्स चोरी करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। संजय के अनुसार शनिवार को ०2:30 बजे वह अपनी पत्नी के साथ सिनेमा चौराहा स्थित डॉक्टर दिनेश अग्निहोत्री के यहां दवा लेने के लिए गया था। उसकी छोटी बच्ची क्लीनिक के बाहर निकल आई तो उसकी पत्नी तख्त पर पर्स छोड़कर बच्ची को पकड़ने के लिए दौड़ी। इसी बीच उसकी पत्नी का पर्स गायब हो गया। उसकी पत्नी ने कंपाउंडर से पूछा तो कंपाउंड द्वारा बताया गया कि उसने पर्स नहीं देखा है। एक कंपाउंडर बाहर चला गया जो क्लीनिक पर नहीं आया। पास की ही एक दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे से उसे समय की फुटेज भी निकलवाई गई लेकिन क्लीनिक के अंदर से कोई भी मरीज निकलता हुआ दिखाई नहीं दिया जिससे संजय का पूरा शक है कि यह हरकत कंपाउंड द्वारा की गई। पीड़ित संजय ने रविवार को दोपहर ०1:00 बजे कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कंपाउंडर के खिलाफ कार्रवाई करने एवं अपनी पर्स दिलवाने की मांग की है।

## घूरे से निकली चिंगारी पांच झोपड़ी चलकर हुई खाक



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरपालपुर ( हरदोई )।** घूरे से उठी चिंगारी से पांच झोपड़ियां जलकर राख हो गई। एक मवेशी की झुलसकर मौत हो गई जबकि दो मवेशी झुलस गए। घरेलू सामान, धान तथा गेहूं राख हो गए। ग्रामीणों तथा फायर विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया।

ग्राम पंचायत बरनई चतरखा के मजरा बहेलियनपुरवा में रविवार को सुबह गांव निवासी आशाराम पुत्र रघुवर के मकान के निकट लगे घूरे से उठी चिंगारी से उनकी झोपड़ी में आग लग गई। झोपड़ी में बंधी एक बकरी झुलसकर मर गई जबकि एक झुलस गई। झोपड़ी में रखा 8 कुंटल धान 6 कुंतल गेहूं तथा जेवर एक लाख रुपए जलकर राख हो गया। पास ही स्थित लक्ष्मण की झोपड़ी में आग लग गई। आग लगने से झोपड़ी में रखे 15 हजार रुपए, एक भैंस झुलस गई तथा गृहस्थी का सामान, जेवर आदि जल गया। वीरेंद्र, पिंटू तथा रामजी की झोपड़ी भी आग की चपेट में आने पर झोपड़िया में रखा घरेलू सामान तथा नगदी आदि जलकर राख हो गई। आग की ऊंची.ऊंची लपटों को देखकर ग्रामीणों ने निजी संसाधन से आग पर काबू करने का प्रयास किया तथा आग लगने की सूचना फायर स्टेशन को दी गई 1 घंटे बाद पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। आग लगने की घटना की जानकारी राजस्व विभाग को दी गई है।

## कार्यालय ग्राम पंचायत-कौढ़ा, विकास खण्ड-बावन (हरदोई)

पत्रांकः-मेमो/मनरेगा/टेण्डर प्रकाशन/2024-25 दिनांक-09.03.2025

**अल्पकालीन निविदा आमन्त्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत-कौढ़ा, विकास खण्ड-बावन, हरदोई द्वारा मनरेगा योजना से कराये जाने वाले निम्नलिखित कार्यों पर **ईंट प्रथम श्रेणी, ईंट रोड़ा 40 एम0एम0, सीमेण्ट, मौरंग, बालू, लोकल बालू, इण्टरलाकिंग ईंट 80 एम0एम0 व मिट्टी ढुलाई** आदि की आपूर्ति हेतु वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत फर्मों/भट्ठा मालिकों व अन्य आपूर्तिकर्ताओं से मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र दिनांक-11.03.2025 से 18.03.2025 तक अपरान्ह 2:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर निविदा बाक्स में डाल सकते हैं। प्राप्त निविदायें दिनांक-18.03.2025 को ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के सदस्यों द्वारा सायं 4:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेंगी।

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0) |
|---|---|---|
| 1 | राजबहादुर के मकान से अखिलेश के मकान तक इण्टरलाकिंग अवशेष कार्य। | 495685.00 |

**नियम व शर्तेः-**

1. निर्धारित समय सीमा के पश्चात् प्राप्त हुयी किसी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
2. निविदा फार्म पर किसी प्रकार की कटिंग मान्य नहीं होगी।
3. बिना बताये किसी निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार निविदा समिति में निहित होगा।
4. निविदा फार्म पर साफ शब्दों में उल्लेख अंकित करें।
5. प्रस्तुत बिलों पर लागू दरों के अनुसार नियमानुसार कटौती की जायेगी।
6. आपूर्ति संतोषजनक व गुणवत्तापरक होने के उपरान्त ही भुगतान सुनिश्चित किया जायेगा।
7. अवकाश होने की स्थिति में निविदायें अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।
8. समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र हरदोई होगा।

प्रधान
ग्राम पंचायत- कौढ़ा,
विकास खण्ड-बावन (हरदोई )।

सचिव
ग्राम पंचायत- कौढ़ा,
विकास खण्ड-बावन (हरदोई )।

## अभिव्यक्ति का हक

यह विडंबना ही है कि आजादी के पिचहत्तर साल बाद भी शीर्ष अदालत को याद दिलाना पड़ा है कि संविधान प्रदत्त अभिव्यक्ति की आजादी अनिवार्य हक है। यह भी कि हमारी पुलिस अब तक स्वतंत्र अभिव्यक्ति का मर्म नहीं समझी है और अकसर राजनीतिक दबाव में कार्यवाही कर देती है। कमोबेश यही स्थिति सत्ता पक्ष की भी है कि वो अपनी आलोचना पर तल्ख होकर अभिव्यक्ति की आजादी का अतिक्रमण करने पर उतारू हो जाता है। ऐसे मामलों में पुलिस का भी दायित्व बनता है कि अभिव्यक्ति की सही व्याख्या करे। उसके बाद ही किसी तरह की कार्रवाई करे। निश्चय ही ऐसे मामलों में बेहद संवेदनशीलता की जरूरत होती है। वहीं दूसरी ओर हाल के दिनों में किसी राजनेता के बयान, फिल्मों, साहित्यिक अभिव्यक्ति पर भावनाएं आहत होने के आरोप लगाने का फैशन ही बन गया है। दरअसल, कला व साहित्य में अभिव्यक्ति बिंबों व प्रतीकों के माध्यम से की जाती है। जिसकी सतही व्याख्या करके आनन-फानन में मुकदमे दर्ज कर दिए जाते हैं। भारतीय समाज की तो सदियों से यह खूबसूरती ही रही है कि सभी विचारों व तर्कों का सम्मान किया जाता रहा है। लेकिन हाल के सोशल मीडिया के दौर में कथित भावना आहत होने के आरोप लगाने का रिवाज सा बन गया है। इसके विपरीत सत्ता पक्ष को सुविधाजनक लगने वाले तल्ख विचारों की अभिव्यक्ति का नोटिस नहीं लिया जाता। विडंबना यह है कि पुलिस भी सत्ता पक्ष के दबाव के चलते न्यायसंगत कार्रवाई नहीं कर पाती। यही वजह है कि पिछले दिनों सांसद इमरान प्रतापगढ़ी की कविता पर प्राथमिकी दर्ज होने तथा अश्लील अभिव्यक्ति करने वाले रणवीर इलाहाबादिया के प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट ने मार्गदर्शक टिप्पणियां की। इसमें प्रतापगढ़ी की कविता का मर्म समझे बिना उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की कड़ी आलोचना की गई। साथ ही शीर्ष अदालत ने सरकारी दिशा-निर्देशों में स्वतंत्र अभिव्यक्ति की गरिमा का ध्यान रखने को भी कहा, जिससे किसी के साथ अन्याय न हो सके। निस्संदेह, अदालत ने स्वतंत्र अभिव्यक्ति के लोकतांत्रिक व संवैधानिक मूल्यों के रूप में अपरिहार्य होने का जिक्र करते हुए दोटूक शब्दों में कहा कि कम से कम आजादी के सात दशक बाद पुलिस को इसकी गरिमा का अहसास होना चाहिए था। कोर्ट ने नसीहत दी कि प्रतापगढ़ी के खिलाफ मामला दर्ज करने से पहले पुलिस को कविता पढ़नी चाहिए थी और उसका वास्तविक अर्थ समझना चाहिए था। कविता इंसाफ और प्रेम को अभिव्यक्त करती थी, न कि हिंसा-दुर्भावना को। कोर्ट ने ऐसी ही टिप्पणी डिजिटल प्लेटफार्म के एक कार्यक्रम में भदेस-अश्लील शब्दावली का प्रयोग करने वाले रणवीर इलाहाबादिया को फिर से कार्यक्रम की अनुमति देते वक्त की है। कोर्ट ने चेताया कि अभिव्यक्ति की आजादी के मायने अश्लील अभिव्यक्ति कदापि नहीं है। कोर्ट ने इलाहाबादिया को सख्त लहजे में चेताया कि अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर वे नैतिकता व अश्लीलता की सीमाओं के अतिक्रमण करने का दुस्साहस कदापि न करें। अदालत ने सोशल मीडिया मंचों के दुरुपयोग पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि सरकार इस बाबत दिशा-निर्देश जारी करे ताकि सेंसर करने तथा मापदंडों का फर्क स्पष्ट हो सके, जिससे आनन-फानन में विचारों की स्वतंत्रता पर अनावश्यक अंकुश न लगाया जा सके। निस्संदेह, आजकल जब सोशल मीडिया के कतिपय मंचों पर असामाजिक व्यवहार मर्यादाओं की सीमा लांघना आम होता जा रहा है, इनका गाइडलाइन्स के जरिये नियमन जरूरी हो जाता है। लेकिन पुलिस-प्रशासन को जल्दबाजी में कार्रवाई करने के बजाय संवेदनशील ढंग से चीजों का अवलोकन करना चाहिए। यह जानते हुए कि किसी भी लोकतंत्र में नागरिकों की स्वतंत्र अभिव्यक्ति एक अपरिहार्य शर्त है। वैसे अभिव्यक्ति की आजादी को लेकर शीर्ष अदालत की यह टिप्पणी पहली बार नहीं आई। स्वतंत्र अभिव्यक्ति को लेकर कई बार मंथन भी होते हैं। लेकिन पुलिस-प्रशासन की कार्रवाई में आवश्यक संजीदगी नजर नहीं आती। यही वजह है कि अदालतों में भावनाओं के आहत होने वाले कथित मामले लगातार आते ही रहते हैं। जबकि अधिकांश मामलों में राजनीतिक व धार्मिक दुराग्रह देखने को मिलते हैं। कई लोग बड़े लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाकर चर्चा में आने का मौका तलाश लेते हैं। निस्संदेह, पुलिस-प्रशासन की संवेदनशीलता व सत्ता की उदारता से ही अभिव्यक्ति की आजादी की गरिमा रक्षित होगी। इसके अलावा महत्वपूर्ण यह भी है कि जिम्मेदार नागरिक के तौर पर हम अपनी अभिव्यक्ति की आजादी की रक्षा के प्रति सचेत रहें।

**कला व साहित्य में अभिव्यक्ति बिंबों व प्रतीकों के माध्यम से की जाती है। जिसकी सतही व्याख्या करके आनन-फानन में मुकदमे दर्ज कर दिए जाते हैं। भारतीय समाज की तो सदियों से यह खूबसूरती ही रही है कि सभी विचारों व तर्कों का सम्मान किया जाता रहा है। लेकिन हाल के सोशल मीडिया के दौर में कथित भावना आहत होने के आरोप लगाने का रिवाज सा बन गया है। इसके विपरीत सत्ता पक्ष को सुविधाजनक लगने वाले तल्ख विचारों की अभिव्यक्ति का नोटिस नहीं लिया जाता।**

## ‘छावा’ ने तमाम भारत भक्तों को आकर्षित किया

हृदयनारायण दीक्षित

**औरंगजेब किसी एक व्यक्ति का नाम भर नहीं है। औरंगजेब का नाम लेते ही लगभग 350-400 साल पहले भारतीय संस्कृति और परम्परा को रौंदने वाले अत्याचारी शासक का चेहरा सामने आ जाता है। कथित सेकुलरों ने औरंगजेब की प्रशंसा में बहुत कुछ लिखा है। वह उसे फकीर और संत सिद्ध करने में आमादा हैं। औरंगजेब इस देश की संस्कृति को नष्ट करने के लिए ज्यादा जाना गया है। स्वयं ईश्वर की उपासना करता था लेकिन उसे हिन्दुओं को यह छूट देने पर ऐतराज था। औरंगजेब का एक भाई दारा शिकोह भारतीय संस्कृति और दर्शन का अनुरागी था। अब्बा शाहजहां ने दारा शिकोह के लिए उपनिषद् और वेदांत पढ़ने वाले आचार्यों की नियुक्ति की थी। उसके मन में इस संसार को जान लेने की जिज्ञासा थी।**

सिनेमा दृश्य श्रव्य माध्यम है। यह करोड़ों को रोजगार देता है और प्रतिभाशाली लोगों को सृजन के अवसर। लेकिन बड़े पर्दे के सिनेमा के दर्शक घटे हैं। सोशल मीडिया में अनेक रास्तों से फिल्मी दृश्य और गाने सुने-देखे जा सकते हैं। एक तरह से बहुत बड़े हाल में बैठकर अपनों के साथ फिल्म देखने का अवसर अब नहीं रहा। इधर तीन-चार फिल्में ऐसी आईं जिनमें हिंसा का अतिरेक था। कुछ वेब सीरीज में भी हिंसा और गलियों की बौछार है। ऐसे कथानक कला का आनंद नहीं देते। सभी कलाएं आनंद मार्गी हैं। गीत-संगीत चित्त में आनंद रस का सृजन करते हैं। कुछ फिल्मों की कहानी भी रुचि पैदा करती है। सिनेमा अभी लाखों दर्शकों को सम्मोहित करता है। इस पर देश के जागरूक लोगों को खुशी मनानी चाहिए कि तमाम आधुनिक उपकरणों और तरीकों के बावजूद सिनेमा अभी भी अपना स्थान पूरी प्रतिष्ठा के साथ बनाए हुए है। इस लिहाज से निर्देशक लक्ष्मण के निर्देशन में बनी फिल्म ‘छावा‘ दर्शकों की वाहवाही लूट रही है। इस वाहवाही के अनेक कारण हैं। केवल फिल्मांकन ही नहीं। यह अभिनय की दृष्टि से भी कमजोर फिल्म नहीं है। कसे संवाद और कलाकारों का अभिनय फिल्म के आकर्षण का कारण है। फिल्म की राष्ट्रीय चर्चा है। इसका मूल कारण औरंगजेब का व्यक्तित्व है। औरंगजेब किसी एक व्यक्ति का नाम भर नहीं है। औरंगजेब का नाम लेते ही लगभग 350-400 साल पहले भारतीय संस्कृति और परम्परा को रौंदने वाले अत्याचारी शासक का चेहरा सामने आ जाता है। कथित सेकुलरों ने औरंगजेब की प्रशंसा में बहुत कुछ लिखा है। वह उसे फकीर और संत सिद्ध करने में आमादा हैं। औरंगजेब इस देश की संस्कृति को नष्ट करने के लिए ज्यादा जाना गया है। स्वयं ईश्वर की उपासना करता था लेकिन उसे हिन्दुओं को यह छूट देने पर ऐतराज था। औरंगजेब का एक भाई दारा शिकोह भारतीय संस्कृति और दर्शन का अनुरागी था। अब्बा शाहजहां ने दारा शिकोह के लिए उपनिषद् और वेदांत पढ़ने वाले आचार्यों की नियुक्ति की थी। उसके मन में इस संसार को जान लेने की जिज्ञासा थी। पिता ने ऐसी ही व्यवस्था औरंगजेब के लिए भी की थी। औरंगजेब ने अपने अध्यापक आचार्य को चिट्ठी लिखी थी कि, ङ्कमेरे पिता ने आपको मुझे दर्शनशास्त्र पढ़ाने के लिए नियुक्त किया है, जबकि दर्शन में कोई लाभप्रद बात है ही नहीं। जो विषय समझ में नहीं आते जो, समझने और याद करने में क्लिष्ट होते हैं, वही दर्शन शास्त्र है। अच्छा होता कि आप मुझे शहर में घेरा डालने की विधि समझाते।ङ्क औरंगजेब ने अपने पिता शाहजहां को भी जेल में डाल दिया था। फिल्म छावा में भारतीय इतिहास के महत्वपूर्ण अंश को दर्शाया गया है। फिल्म के मुख्य अभिनेता विकी कौशल के अभिनय की भी प्रशंसा हो रही है। औरंगजेब के व्यक्तित्व को पर्दे पर उतारने के लिए अतिरिक्त साहस और बुद्धि की आवश्यकता थी। फिल्म के निर्देशक इस कार्य में सफल हुए हैं। औरंगजेब ने सनातन धर्म के सभी नियमों, आस्था और विश्वास को खत्म करने का काम किया था। काशी का मंदिर ध्वस्तीकरण औरंगजेब के काले कारनामों में से एक है। मूर्ति पूजा और मंदिरों में जाना औरंगजेब की निगाह में अपराध था। हम भारत के लोग औरंगजेब की प्रशंसा नहीं सुन सकते। छत्रपति शिवाजी आराध्य हैं। फिल्म में छत्रपति शिवाजी के पुत्र की भूमिका बहुत अच्छे तरीके से की गई है। फिल्म की कहानी का मूल आधार शिवाजी सावंत द्वारा लिखे गए उपन्यास छावा पर आधारित है। इस फिल्म ने तमाम भारत भक्तों को आकर्षित किया है। इसके अलावा औरंगजेब के मूल चरित्र को भी उजागर किया है। हम भारत के लोग विजय पर्व दशहरा का उत्सव मनाते हैं। रावण के पुतले को आग लगाते हैं। इसलिए कि रावण भारतीय ज्ञान परंपरा में खलनायक माना जाता है। विजयादशमी के दिनों में देश के कोने-कोने रामलीलाएं होती हैं। देश में अत्याचार करने वाले किसी भी आताताई अपराधी की उपासना की अपेक्षा हमसे क्यों की जाती है। औरंगजेब भारतीय मध्यकाल के इतिहास का खलनायक था। लेकिन सेकुलर समूह औरंगजेब की छवि को लेकर चिंतित दिखाई पड़ते हैं। भारत की संस्कृति सभी कलाओं से भरी पूरी है। भारतीय सिनेमा भारतीय संस्कृति का हिस्सा है। यूनानी दार्शनिक अरस्तु ने लिखा है कि, ङ्ककला प्रकृति की अनुकृति है।ङ्क सही बात है। अनुसरण से कलाओं का विकास हुआ है। लेकिन भारतीय कला के शतपथ ब्राह्मण की परिभाषा जान लेने लायक है-यो वे रुपम् तत शिल्पम परम सत्ता सब तरफ रूप रूप प्रतिरूप हो रही है। सिनेमा में तमाम प्रतिभाओं का श्रम जुड़ता है। सिनेमा आकर्षित करता है। सिनेमा के कथानक को लेकर पहले भी विरोध या समर्थन होते रहे हैं। पद्मावत फिल्म के विरोध का किस्सा लोगों को मालूम है। उस समय महारानी की छवि वैसी नहीं दिखाई गई जैसी वास्तव में है। कश्मीर फाइल्स को पूरे देश ने बहुत ध्यान से देखा था। इस कहानी में कश्मीरी पण्डितों के उत्पीड़न को फिल्माया गया था। यहां भी फिल्म के विरोधी कश्मीरी पण्डितों के उत्पीड़न के प्रकाश में आ जाने से नाराज थे। दि केरला स्टोरी नाम की फिल्म पर लगातार विवाद होता ही रहा है। दरअसल, फिल्म निर्माण के कार्य में प्रतिभाएं सुव्यवस्थित काम करती हैं। बेशक सिनेमा किसी न किसी रूप में समाज का सच दिखाता है। फिल्मकार बेशक इतिहास आधारित फिल्म निर्माण भी करते हैं, लेकिन वह इतिहास से निर्देशित नहीं होते। इतिहास की कथाएं भी इसी तरह की हैं। भारत का अब तक का उपलब्ध इतिहास अतिरेकों से भरा पूरा है। कुछ विद्वानों का कहना है कि इतिहास के पात्रों को हम फिल्म का विषय बनाकर अच्छा नहीं करते। इतिहास भूतकाल की स्मृतिजन्य विरासत है, लेकिन अब तक लिखे गए सभी इतिहासों में तथ्यों को छिपाने या अधिक उजागर करने के आरोप लगाते हैं। भारतीय इतिहास का विरूपण हुआ है। कुछ विद्वानों ने चन्द्रप्रकाश द्विवेदी द्वारा लिखे व अभिनीत किए गए चाणक्य सीरियल की कहानी में कल्पनाशीलता का आरोप लगाया है। जबकि ऐसा सच नहीं है। सीरियल में इतिहास है। साहित्य है और भारत के लिए गर्व करने लायक अनेक तथ्य। फिल्म निर्माता सिनेमा बनाते हैं। वह इससे भारी कमाई पाते हैं। निन्दा-स्तुति भी होती है। जरूरी नहीं कि वह देश के लिए अपने सामाजिक दायित्व का ध्यान रखें। 80 के दशक में गौतम घोष की ‘पार‘ गोविन्द निहलानी की ‘आक्रोश‘ और ‘अर्धसत्य‘ जैसी फिल्मों ने सामाजिक दायित्व वाले दर्शकों को मोहित किया था। फिल्मों में इतिहास देखना गलती निकालना कोई अच्छी बात नहीं है। कला को कला, साहित्य को साहित्य और इतिहास को इतिहास की तरह रखकर ही हम जिम्मेदार राष्ट्र बन सकते हैं।

## सावित्रीबाई फुलेः महिला शिक्षा की अग्रदूत

**पुण्यतिथि पर विशेष**

डॉ. लोकेश कुमार

**सावित्रीबाई ने इस सामाजिक अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई और महिलाओं के जीवन में शिक्षा का प्रकाश फैलाने का संकल्प लिया। इसके लिए उन्हें भारी विरोध का सामना करना पड़ा। समाज के दकियानूसी लोगों ने उन पर कीचड़ फेंका, उनका अपमान किया लेकिन वे अडिग रहीं। उनके विवाह के समय वे मात्र 9 वर्ष की थीं, जबकि उनके पति ज्योतिबा फुले 13 वर्ष के थे। यह विवाह 1840 में संपन्न हुआ। पेशवाओं द्वारा पुणे में दिए गए एक उपहार स्वरूप बगीचे के कारण उनके परिवार को ‘फुले’ उपनाम मिला।**

सावित्रीबाई फुले ने महिलाओं की शिक्षा और सामाजिक सुधार को अपने जीवन का मिशन बना लिया। उन्होंने विधवा विवाह को बढ़ावा देने, छुआछूत मिटाने और महिलाओं को शिक्षित करने के लिए समाज की रूढ़िवादी सोच से जमकर संघर्ष किया। उस दौर में महिलाओं को घर की चारदीवारी तक सीमित रखा जाता था। हालाँकि, इस्लामिक आक्रमणों से पहले भारतीय समाज में महिलाओं को शिक्षा प्राप्त करने की स्वतंत्रता थी लेकिन बाद में उन्हें शिक्षा से वंचित कर दिया गया। सावित्रीबाई ने इस सामाजिक अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई और महिलाओं के जीवन में शिक्षा का प्रकाश फैलाने का संकल्प लिया। इसके लिए उन्हें भारी विरोध का सामना करना पड़ा। समाज के दकियानूसी लोगों ने उन पर कीचड़ फेंका, उनका अपमान किया लेकिन वे अडिग रहीं। उनके विवाह के समय वे मात्र 9 वर्ष की थीं, जबकि उनके पति ज्योतिबा फुले 13 वर्ष के थे। यह विवाह 1840 में संपन्न हुआ। पेशवाओं द्वारा पुणे में दिए गए एक उपहार स्वरूप बगीचे के कारण उनके परिवार को ‘फुले’ उपनाम मिला। सावित्रीबाई अपने मायके से एक पुस्तक लेकर आई थीं। इस पुस्तक ने न केवल उनके पति को प्रेरित किया, बल्कि दोनों को शिक्षा की ओर उन्मुख किया। स्वयं शिक्षित होने के बाद उन्होंने समाज में शिक्षा का प्रसार करने का बीड़ा उठाया। 1 मई 1847 को, उन्होंने पुणे के सगुनाऊ क्षेत्र में पहला स्कूल खोला, हालांकि यह अधिक समय तक नहीं चल सका। इसके बाद, 1 जनवरी 1848 को पुणे के भिडे वाडा में बालिका विद्यालय की स्थापना की गई, जो तत्कालीन ब्रिटिश भारत



में किसी स्थानीय व्यक्ति द्वारा स्थापित पहला बालिका विद्यालय था। शुरुआती दौर में इस स्कूल में मात्र छह छात्राएं थीं, लेकिन वर्ष के अंत तक यह संख्या 40-45 हो गई। बाद में 18 सितंबर 1851 को पुणे में और 15 मार्च 1852 को बताल पैंठ में और विद्यालयों की स्थापना की गई, जिससे शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति आ गई। महिला शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को देखते हुए उन्हें भारत की प्रथम महिला शिक्षिका के रूप में जाना जाता है। इससे पहले 1829 में अमेरिकी मिशनरी सिंथिया फर्रार ने मुंबई में लड़कियों के लिए एक स्कूल की शुरुआत की थी। पारसी समुदाय ने भी 1847 में महिलाओं की शिक्षा के लिए एक विद्यालय खोला था। सावित्रीबाई ने सामाजिक बुराइयों को मिटाने के लिए निडर होकर संघर्ष किया। उन्होंने विधवाओं के शोषण को रोकने के लिए पुणे में नाइयों की हड़ताल का आयोजन किया, ताकि विधवाओं का सिर जबरन न मुंडवाया जाए। उन्होंने रात्रि विद्यालयों की शुरुआत की ताकि दिन में मजदूरी करने वाले श्रमिक रात में शिक्षा प्राप्त कर सकें। जातिगत भेदभाव के खिलाफ भी उन्होंने प्रभावी कदम उठाए। जब उन्होंने देखा कि दलितों को सार्वजनिक कुओं से पानी नहीं भरने दिया जाता, तो उन्होंने अपने घर का कुआं सभी के लिए खोल दिया। यह उस समय का एक क्रांतिकारी कदम था, जो सामाजिक समरसता की मिसाल बना। सावित्रीबाई ने विधवा महिलाओं के लिए भी अनूठी पहल की। उन्होंने एक गर्भवती विधवा को आत्महत्या करने से रोका, उसकी डिलीवरी अपने घर पर कराई और उसके पुत्र को पाल-पोसकर डॉक्टर बनाया। 1897 में पुणे में प्लेग महामारी फैल गई। सावित्रीबाई और उनके पति ने पीड़ितों की निःस्वार्थ सेवा की। इस दौरान, वे स्वयं भी इस बीमारी की चपेट में आ गईं और 10 मार्च 1897 को उनका निधन हो गया। डॉ. भीमराव अंबेडकर ने कहा था ''यदि किसी देश की प्रगति को मापना हो, तो वहाँ की महिलाओं की शिक्षा को देखना चाहिए।'' सावित्रीबाई फुले ने अपने कार्यों से इस कथन को सिद्ध किया। आज, उनके प्रयासों का ही परिणाम है कि महिलाएं न केवल शिक्षित हो रही हैं, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में सफलता के नए आयाम गढ़ रही हैं। सावित्रीबाई फुले के योगदान को सदा स्मरण किया जाएगा।

## रसोई पर बाजार के हमले से चौपट होता स्वास्थ्य

ललित गर्ग

**अध्ययन के मुताबिक, जिन देशों में पिछले 15 साल में सुपरमार्केट से तले-भुने एवं जंक खाद्य पदार्थों की बिक्री में 11 फीसदी वृद्धि हुई है, वे भारत, बांग्लादेश, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर जैसे देश हैं। रिपोर्ट का एक चिंतनीय पक्ष यह है कि दक्षिण एशिया में यह बढ़ोतरी अन्य देशों की तुलना में तेज रही। आंकड़े बताते हैं कि बीते डेढ़ दशक में विश्व स्तर पर सुपरमार्केट 23.6 फीसदी बढ़े हैं, जबकि इस दौरान दुनियाभर में मोटापा 18.2 प्रतिशत से बढ़ कर 23.7 प्रतिशत हो गया है। पैकेटबंद खाद्य पदार्थों की खरीद बढ़ने से अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात में भोजन पर खर्च बहुत अधिक बढ़ा है।**

आज रसोई पर संकट मंडरा रहा है, बाजारवाद ने रसोई के अस्तित्व को ही बदल दिया है, न केवल रेसाई को बदला है बल्कि हमारे शुद्ध एवं स्वास्थ्यवर्द्धक खानपान को ही ध्वस्त कर दिया है, जिससे हमारा स्वास्थ्य तो चौपट हो ही रहा है, हमारे पारिवारिक एवं भावनात्मक संबंध भी चरमरा रहे हैं। देश-दुनिया में पैकेटबंद खाद्य पदार्थों का चलन और इससे होने वाले नुकसान बढ़ते जा रहे हैं। मोटापा सहित अनेक बीमारियां संकट पैदा कर रही है। इन्हीं चिन्ताओं के बीच यूनिसेफ की एक ताजा रिपोर्ट चौंकाती भी है एवं लगातार स्वास्थ्य समस्याओं के बढ़ने के कारण को दर्शाती है। यूनिसेफ ने भारत समेत 97 देशों में अध्ययन कर बताया है कि पिछले 15 साल में दुनियाभर में पैकेटबंद खाद्य पदार्थों की बिक्री 11 फीसदी बढ़ी है, जिससे जेब पर भी असर पड़ा है और स्वास्थ्य पर भी, विशेषतः पारिवारिक संरचना पर। ज्यादा-से-ज्यादा चेन स्टोर-सुपरमार्केट खुलने के बाद लोग इनका अधिक सेवन कर रहे हैं। जिन देशों में प्रतिव्यक्ति सर्वाधिक चेन किराना स्टोर एवं सुपरमार्केट हैं, वहां लोग ज्यादा अस्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थ खरीदते हैं। ‘नेचर फूड’ पत्रिका में प्रकाशित इस रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुए व्यक्ति, परिवार, समाज एवं सरकार को सख्त एवं प्रभावी कदम उठाने होंगे। अध्ययन के मुताबिक, जिन देशों में पिछले 15 साल में सुपरमार्केट से तले-भुने एवं जंक खाद्य पदार्थों की बिक्री में 11 फीसदी वृद्धि हुई है, वे भारत, बांग्लादेश, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर जैसे देश हैं। रिपोर्ट का एक चिंतनीय पक्ष यह है कि दक्षिण एशिया में यह बढ़ोतरी अन्य देशों की तुलना में तेज रही। आंकड़े बताते हैं कि बीते डेढ़ दशक में विश्व स्तर पर सुपरमार्केट 23.6 फीसदी बढ़े हैं, जबकि इस दौरान दुनियाभर में मोटापा 18.2 प्रतिशत से बढ़ कर 23.7 प्रतिशत हो गया है। पैकेटबंद खाद्य पदार्थों की खरीद बढ़ने से अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात में भोजन पर खर्च बहुत अधिक बढ़ा है। भारत में भी पिछले साल के अंत में सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण की रिपोर्ट कहती है कि लोगों के खाद्य बजट में सब्जियों, पैकेटबंद चीजों एवं जंक फूड्स की ही बड़ी हिस्सेदारी है। खाद्य पदार्थों के व्यापार पर नजर रखने वाली एजेंसी यूरोमॉनिटर के मुताबिक, भारत में अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड की प्रतिव्यक्ति सालाना बिक्री 2005 में दो किलोग्राम थी, जो 2019 में छह किलोग्राम और 2024 में आठ किलोग्राम हो गयी। सीएसइ (सेंटर फॉर साइंस एंड इन्वायर्नमेंट) द्वारा भारत में किये गये अध्ययन से भी इसका खुलासा हुआ है कि जंक फूड और पैकेटबंद भोजन मोटापा, कैंसर, उच्च रक्तचाप, मधुमेह और दिल की बीमारियां बढ़ा रहे हैं। यह कितना बड़ा मुद्दा है, इसे इसी से समझा जा सकता है कि इस बार बजट से पहले की आर्थिक समीक्षा में अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड पर अधिक टैक्स लगाने की सिफारिश की गयी थी। जाहिर है, अगर अभी नहीं संभले, तो बहुत देर हो जायेगी। इंसानों की तोंद बढ़ती जा रही है। इस बढ़ते मोटाने की भयावहता को महसूस करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मोटापे के खिलाफ जंग छेड़ी है। एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए प्रधानंत्री ने कहा कि 2050 तक 44 करोड़ भारतीय मोटापे का शिकार होंगे। प्रधानमंत्री ने इन आंकड़ों को खतरनाक बताते हुए मोटापे को मात देने के लिए लोगों को मंत्र भी दिये हैं। ये मंत्र हैं- खाने वाले तेल में लोग 10 फीसदी की कटौती एवं जीवनशैली में बदलाव करें। अगर समय पर इस पर ध्यान नहीं गया तो भविष्य में बड़ी स्वास्थ्य समस्याएं होंगी। मोटापे की वजह से हर तीसरा व्यक्ति गंभीर बीमारियों का शिकार हो सकता है। स्वाद में चटपटी और जब जरूरत हो, तब पैकेटबंद भोजन की उपलब्धता ने हमें अपने घर की रसोई की जगह बाजार पर निर्भर बना दिया है।?इसके लिए बाजार ने कई तरह के लुभावने एवं बाजारवादी तर्क और नारे गढ़ रखे हैं। ये नारे और तर्क हमें लुभाते एवं गुलाम बनाते हैं। समय की बचत के नाम पर हमें मजबूर करते हैं कि हम अपने घर की रसोई को बंद ही रखें। हमारे खान-पान की परंपरा और पौष्टिकता पर यह एक तरह से हमला है। बाजार हमें सिखाना चाहता है कि परिवार में जब जिसको भूख लगे, वह बाजार जाए, आनलाइन ऑर्डर करें और खा ले। पहले परिवार के लोग एक साथ बैठकर खाते थे, तब परिवार का हर सदस्य एक दूसरे के सुख-दुख से परिचित होता एवं संवेदनाओं से जुड़ता था। दुख, परेशानियों, निराशाओं को दूर करने का सामूहिक प्रयास किया जाता था। सलाह मशविरा किए जाते थे। आज हमें बाजार सामूहिकता से काटकर वैयक्तिक एवं एकांगी बना रहा है। यदि हमने अपनी रसोई को सहेजकर नहीं रखा, तो एक दिन ऐसा भी आ सकता है, जब हमें पूरी तरह बाजार के डिब्बाबंद भोजन पर ही निर्भर रहना पड़े। विशेषज्ञों का कहना है कि करीब 14 फीसदी वयस्क और 12 फीसदी बच्चे अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स की लत का शिकार बन चुके हैं। लोगों में स्वास्थ्य के नजरिए से हानिकारक इन खाद्य पदार्थों को लेकर जो लगाव है, वो शराब और तम्बाकू जितना ही बढ़ चुका है। बता दें कि दुनिया भर में 14 फीसदी लोग शराब के और 18 फीसदी लोग तम्बाकू के आदी बन चुके हैं। ऐसे में 14 फीसदी वयस्कों में अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड की दीवानगी एवं आकर्षण बेहद गंभीर खतरे की ओर इशारा करती है। यह जानकारी अमेरिका, ब्राजील और स्पेन के शोधकर्ताओं द्वारा किए अध्ययन में सामने आई है, जिसके नतीजे नौ अक्टूबर 2023 को द ब्रिटिश मेडिकल जर्नल में प्रकाशित हुए हैं। यह अध्ययन 36 देशों में प्रकाशित 281 अध्ययनों के विश्लेषण पर आधारित है। आजकल मार्केट में पैकेटबंद एवं जंक फूड्स की भरमार है। चिप्स से लेकर दूध, मसाले और हर एक चीज प्लास्टिक, एल्युमिनियम या पेपर की पैकिंग के साथ आ रही है। सुविधा के नाम पर हो रहा यह हमला कई सारे साइड इफ़ेक्ट्स दे रहा हैं। न सिर्फ बड़े बल्कि बच्चे भी पैकेटबंद चिप्स, जूस, कुकीज और नमकीन, नूडल्स का इस्तेमाल कर रहे हैं। किसी भी तरह की खाने-पीने की चीज की अगर पैकेजिंग की जाती है तो उन्हें सुरक्षित, संरक्षित और ज्यादा समय तक चलने के लिए तीन चीजें मिलायी जाती हैं। प्रीजर्वेटिव्स, नकली रंग और एक्स्ट्रा फैट। कुछ समय पहले आई एक स्टडी में बताया गया कि पैकेटबंद फूड्स में इमल्सीफायर नाम का एक कंपाउंड पाया जाता है, जो दिल की सेहत यानी हार्ट हेल्थ के लिए खतरनाक होता है, इससे कार्डियोवैस्कुलर बीमारियां हो सकती हैं, यह कंपाउंड ब्लड प्रेशर लेवल को बढ़ा सकती है। बहुत ज्यादा मात्रा में इमल्सीफायर जब शरीर में पहुंचता है तो इससे शरीर की शक्ति क्षीण होने लगती है और कमजोरी-थकान-सुस्ती बढ़ती है। पैकेटबंद भोजन में घर के बने भोजन की तुलना में पोषक तत्वों की कमी होती है। पैकेटबंद भोजन अक्सर अतिरिक्त चीनी, नमक और वसा से भरपूर होते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं। इनमें फाइबर की कमी होती है, जिससे पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। पैकेटबंद खाद्य पदार्थों में मिलावट की संभावना अधिक होती है, इनमें स्नेह, प्यार, अपनापन एवं ममत्व नहीं होने से यह पोषित नहीं होते। कुछ अध्ययनों से पता चला है कि पैकेटबंद भोजन में पाए जाने वाले कुछ रसायन कैंसर का खतरा बढ़ा सकते हैं। बच्चों में पैकेटबंद भोजन का अधिक सेवन उनके शारीरिक विकास को प्रभावित कर सकता है। प्राचीनकाल से ही हमारे देश में घर का चूल्हा यानी रसोई जहां स्वास्थ्य की प्रयोगशाला होती थी वही पूरे परिवार को जोड़ने का केंद्र रही है। यह रसोई ही थी जिसने परिवार को हर सदस्य से प्रेम करना सिखाया। एक दूसरे की इज्जत, सुरक्षा, देखभाल एवं स्वस्थ रहना सिखाया। संयुक्त परिवार के दिनों में सास-बहू, देवरानी-जेठानी, ननद-भाभी के बीच पनपे मतभेद को मनभेद में बदलने से रोका,?भोजन बनाते या साथ बैठकर खाते समय सारे मतभेद, गुस्से को तिरोहित करना भी रसोई ने ही सिखाया। यही हाल पुरुषों का भी था। जब साथ बैठकर खाते थे, तो आपसी मतभेद, मनमुटाव हवा हो जाते थे। लेकिन आज उसी रसोई पर संकट मंडरा रहा है।

# लोडर टैंपो ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौके पर ही मौत

- सड़क निर्माण कार्य की वजह से हुआ हादसा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर से हरदोई राजमार्ग पर हो रहे सड़क निर्माण कार्य की वजह से एक युवक की जान चली गई।मृतक पेंटिंग का कार्य करता था।रात में अपने काम से वापिस घर जाते समय सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र में सामने से आ रहे लोडर टैंपो ने बाइक सवार पेंटर को सामने से टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। हरदोई जनपद के शाहबाद थाना छेत्र के ग्राम हैदरपुर निवासी शिवम् कुमार 21 पेंटिंग का कार्य करते थे। शनिवार रात करीब नौ बजे वह शाहजहांपुर से अपना काम करके वापिस अपने घर बाइक से जा रहा था।




सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक ईट भट्टे के सामने तीव्र गति से आ रहे एक लोडर टैंपो,छोटा हांथी,ने शिवम् की बाइक में सीधी टक्कर मार दी।जिससे शिवम् गंभीर रूप से घायल हो गया।राहगीरों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को टेम्पो से बाहर निकाला लौट एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा।लेकिन शिवम् की रास्ते में ही मौत हो गई।पुलिस ने टैंपो तथा बाइक को अपने कब्जे में ले लिया।मृतक शिवम् के शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।मृतक शिवम् की पत्नी प्रीति और बच्चे आशु और अवंतिका का रो रोकर बुरा हाल हो रहा था।

### सड़क निर्माण कार्य के चक्कर में गई शिवम की जान

शाहजहांपुर से हरदोई तक हो रहे सड़क निर्माण कार्य की वजह से कई स्थानों पर वनवे ट्रैफिक की व्यवस्था की गई है।लेकिन वनवे ट्रैफिक के कहीं पर संकेतिक बोर्ड नहीं लगाए गए हैं साथ ही जहां पर निर्माण कार्य नहीं हो रहा है वहां पर भी वनवे ट्रैफिक कर दिया गया है।कई लोगों ने बताया कि शाहजहांपुर से शाहबाद तक लगभग पन्द्रह स्थानों पर वनवे ट्रैफिक किया गया है लेकिन सांकेतिक बोर्ड नहीं लगाए गए हैं।इस वजह से अक्सर बाइक सवार तथा चार पहिया वाहन टूटे फूटे सड़क पर पहुंच जाते हैं।

## मजान मुबारकः खिदमत-ए-खल्क कमेटी द्वारा रोजा-इफ्तार का आयोजन

शुक्लागंज-उन्नाव। पवित्र माह रमजान की बरकतों को साझा करने और भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए खिदमत-ए-खल्क कमेटी, रहमत नगर की ओर से सामूहिक रोजा-इफ्तार का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन रविवार को मरहूम हाजी मोअज्जम साहब के घर के सामने, एक मिनारी मस्जिद के पास, रहमत नगर, शुक्लागंज में संपन्न होगा। कमेटी के सदस्यों ने बताया कि रमजान सब्र, इबादत और नेकी का महीना है। इस महीने में इफ्तार के दौरान जरूरतमंदों को सहयोग करना और सामूहिक रूप से दुआ करना बड़ी नेकी मानी जाती है। इसी उद्देश्य से यह आयोजन रखा गया है, जिसमें रोजेदारों के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। कमेटी ने सभी रोजेदारों और नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इफ्तार की इस पाक मौके को साझा करने की अपील की है। रोजा इफ्तार में एहसन सिद्दीकी, शाहरुख खान, गोल्डी गुप्ता, मोहित शुक्ला, अशोक सविता, हरिओम गुप्ता, पंकज यादव, आकाश, अमन, खालिद, आजाद, निहाल, बबलू, फ़िरोज़, आदि लोग मौजूद रहे।

# कम चुनौतियां नहीं होती कांट के लाट साहब जुलूस की

- शाहजहांपुर की तर्ज पर ही कांट में निकाला जाता है लाट साहब का जुलूस, भैंसागाड़ी पर तख्त के उपविशेष कुर्सी पर बैठाला जाता है खास व्यक्ति को
- चार घंटे के जुलूस में हजारों जूते और चप्पलों से हो जाता है लाट साहब का स्वागत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर। वैसे तो होली के पर्व पर पूरे जनपद में छोटे बड़े लाट साहब के बारह जुलूस निकाले जाते हैं लेकिन शाहजहांपुर के बड़े जुलूस की भांति कांट का जुलूस भी कम चुनौतिपूर्ण नहीं होता है।पूरे नगर भ्रमण के दौरान कई गैर समुदाय के मोहल्लों से गुजरने वाले इस जुलूस में हर प्रकार के लोग शामिल होते हैं जैसे कुछ वयोवृद्ध लोगों को जुलूस के आगे तथा पीछे रखा जाता है ताकि छोटी सी भी गलती होने पर मामले को सुलझाया जा सके।वैसे नगर कांट जैसी जनता अन्य नगरों में नहीं मिलेगी क्योंकि कांट में यदि कोई व्यक्ति किसी गैर समुदाय पर रंग डाल भी देता है तो लोग खुद ही वहां से दूर हो जाते हैं।साथ ही कई गैर समुदाय के लोग खुद ही जुलूस के साथ चलते हैं ताकि कहीं कोई अप्रिय घटना ना हो।

### कभी नहीं हुई कोई अप्रिय घटना,कई विशेष मोहल्लों से होकर गुजरता है जुलूस।

सुबह करीब दस बजे प्रारम्भ होने वाला लाट साहब का जुलूस नगर के कई ऐसे मोहल्लों से होकर निकलता है जहां गैर समुदाय की ही पूरी बस्ती है लेकिन आज तक कभी कोई अप्रिय घटना नहीं हुई।हालांकि जुलूस में हजारों की संख्या में लोग होते हैं लेकिन कोई भी व्यक्ति अराजकता नहीं फैलाता और ना ही कोई किसी पर ऐसी टिपड्डी नहीं करता जिससे माहौल खराब हो।हालांकि हजारों की संख्या में दो चार लोग ऐसे होते भी हैं लेकिन उन्हें खुद कमेटी के लोग ही ठीकठाक रखते हैं।

### थाने के अंदर होता है लाट साहब का स्वागत सत्कार।

पूरे नगर भ्रमण के दौरान वैसे तो लाट साहब का काफी सम्मान होता है लेकिन वह सम्मान पैसे के खातिर होता है।लेकिन नगर भ्रमण के बाद जब जुलूस कोतवाली पहुंचता है तो लाट साहब का विशेष सुरक्षा दस्ता उन्हें उनके वाहन से उतारकर थाने में कुर्सी पर बैठाला जाता है जहां लाट साहब बने व्यक्ति को फल, मिष्ठान के साथ अन्य वस्तुएं भी भेंट स्वरूप पुलिसकर्मी प्रदान करते हैं।इसके बाद जुलूस मोहल्ला मठिया होता हुआ वापिस मंदिर पर जाकर समाप्त हो जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### मोबाइल फोन छीनने वाले को रोजा पुलिस ने किया गिरफ्तार

शाहजहांपुर। रोजा पुलिस को रविवार दोपहर बड़ी सफलता हांथ लगी है ,राह चलते लोगों से मोबाइल फोन छीनकर भाग जाने वाले एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए उसके पास से दो मल्टीमीडिया फोन बरामद हुए हैं। रोजा थाना प्रभारी राजीव कुमार और उप निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि रविवार को उनकी टीम वांछित अपराधियों की तलाश में निकले हुए थे तभी रेती पुल के ऊपर एक संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर भाग खड़ा हुआ।उसे दौड़कर पकड़ लिया गया।तलाशी लेने पर उसके पास दो मल्टीमीडिया मोबाइल फोन बरामद हुए।पुलिस उसे पूछताछ के लिए थाने ले आई। पूछताछ में उसने बताया कि 16 फरबरी को हथौड़ा बुजुर्ग से अत्सलिया जाने वाले मार्ग से एक व्यक्ति से फोन छीन लिया था वहीं दूसरा फोन भी कुछ समय पहले थाना आरसी मिशन छेत्र से छीन लिया था।पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया व्यक्ति फैज पुत्र यासीन काशीराम कालोनी बरेली मोड़ का निवासी है।इसने सोलह फरवरी को आदिल पुत्र शाकिर निवासी हथौड़ा बुजुर्ग से फोन छीन लिया था।इसका मुकदमा लिखा गया था।पकड़े गए फैज पर थाना आरसी मिशन में पहले भी दो मुकदमे पंजीकृत है साथ ही उस पर गैंगस्टर की कार्यवाही भी की है थी।फैज को पकड़ने में रोजा इंस्पेक्टर राजीव कुमार,हथौड़ा चौकी प्रभारी राजेश कुमार ,कांस्टेबल प्रेमपाल व कुशलपाल शामिल रहे।

### सड़क हादसे में 8 वर्षीय बच्ची दर्दनाक की मौत

बांगरमऊ-उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 8 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। हैबतपुर गांव की रहने वाली साधना अपनी मां रेनू के साथ बांगरमऊ में दवा लेने गई थी।घर लौटते समय कलवारी महमदाबाद रोड पर ऑटो से उतरकर मां किराया दे रही थी। इसी दौरान तीन लोगों से भरी एक बाइक ने साधना को टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उसे पहले बांगरमऊ सीएचसी ले जाया गया। डॉक्टरों ने नाजुक हालत देखते हुए लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। शनिवार देर रात इलाज के दौरान साधना की मौत हो गई। साधना चार भाई-बहनों में तीसरे नंबर की थी। उसके दो बड़े भाई-बहन मुस्कान और श्याम हैं, जबकि रिवांश छोटा है। पिता रामनारायण उर्फ अरुण ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। बांगरमऊ कोतवाली प्रभारी अवनीश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### आपसी लड़ाई से दलदल में गिरा मवेशी

शुक्लागंज-उन्नाव। गंगाघाट क्रासिंग ढाल के पास रविवार सुबह दो सांड आपस में लड़ रहे थे, लड़ने के दौरान एक सांड़ द्वारिका मोहिनी कम्पाउंड के सामने रेलवे खंती के दलदल में जा गिरा और उसी में फंस गया। सांड ने बाहर निकलने का प्रयास किया लेकिन दलदल होने के कारण वह निकल नहीं सका। इसकी जानकारी क्षेत्रीय लोगों ने नगर पालिका को दी। सूचना पर पहुंचे पालिका कर्मियों ने क्षेत्रीय लोगों की मदद से उसे बाहर निकालने का प्रयास किया। दलदल होने के कारण पालिका कर्मियों को खासी मशक्कत करनी पड़ी। जिसके बाद उसे बाहर निकाला गया।

### रमजान मुबारकः खिदमत-ए-खल्क कमेटी द्वारा रोजा-इफ्तार का आयोजन



शुक्लागंज। पवित्र माह रमजान की बरकतों को साझा करने और भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए खिदमत-ए-खल्क कमेटी, रहमत नगर की ओर से सामूहिक रोजा-इफ्तार का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन रविवार को मरहूम हाजी मोअज्जम साहब के घर के सामने, एक मिनारी मस्जिद के पास, रहमत नगर, शुक्लागंज में संपन्न होगा। कमेटी के सदस्यों ने बताया कि रमजान सब्र, इबादत और नेकी का महीना है। इस महीने में इफ्तार के दौरान जरूरतमंदों को सहयोग करना और सामूहिक रूप से दुआ करना बड़ी नेकी मानी जाती है। इसी उद्देश्य से यह आयोजन रखा गया है, जिसमें रोजेदारों के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। कमेटी ने सभी रोजेदारों और नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इफ्तार की इस पाक मौके को साझा करने की अपील की है। रोजा इफ्तार में एहसन सिद्दीकी, हंजला सिद्दकी भैया एक की की शाहरुख खान, गोल्डी गुप्ता, मोहित शुक्ला, अशोक सविता, हरिओम गुप्ता, पंकज यादव, आकाश, अमन, खालिद, आजाद, निहाल, बबलू, फ़िरोज़, आदि लोग मौजूद रहे।

# कैंडल मार्च निकालकर अर्पित की श्रद्धांजलि

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

शुक्लागंज-उन्नाव। यूपी के सीतापुर में एक प्रतिष्ठित अखबार के पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई की दिनांक 8 मार्च 2025 को बदमाशों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अज्ञात बदमाशों की अभी तक गिरफ्तारी भी नहीं हुई है। हत्यारों ने राघवेन्द्र को ताबड़तोड़ कई गोलियां मारी। घटना में पत्रकार राघवेन्द्र की मौत हो गई। पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई सीतापुर जिले के महोली क्षेत्र के पत्रकार थे। पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई की हत्या से सभी पत्रकार साथी आहत हैं। हत्या के विरोध में जर्नलिस्ट प्रेस क्लब एसोसिएशन उत्तरप्रदेश द्वारा प्रदेश कार्यालय राजधानी मार्ग से कैंडल मार्च निकाल कर हाथ में काली पट्टी बांधकर पत्रकारों ने विरोध किया। वहीं आनंद घाट पर सभी पत्रकार साथियों ने मृतक पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई को श्रद्धांजलि अर्पित कर मृतक पत्रकार की आत्मा को शांति प्रदान करने की ईश्वर से कामना की और प्रदेश की योगी सरकार से मांग किया कि मृतक पत्रकार के परिजनों को उचित मुआवजा दिया जाए जिससे परिवार का



भरण पोषण हो सके क्योंकि मृतक पत्रकार ही अकेला अपने परिवार की आजीविका चलाता था। उसके भाई की भी मृत्यु हो चुकी है। श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले में जर्नलिस्ट प्रेस क्लब एसोसिएशन उत्तरप्रदेश के अध्यक्ष हरिओम गुप्ता समेत तमाम पत्रकारगण उपस्थित रहे।

## बाढ़ से निजात दिलाने के लिए सिंचाई विभाग को सौपा ज्ञापन

निघासन खीरी। निघासन क्षेत्र में हर वर्ष आई बाढ़ से ग्रसित दुर्गापुरवा, नंदापुरवा,शिवलाल पुरवा, आदि गांव में आई बाढ़ से किसानों की फसलें नष्ट हो जाती है। इस मामले को लेकर दुर्गापुरवा निवासी उत्तम कुमार मौर्य ने ऑनलाइन शिकायत सिंचाई विभाग को दर्ज कराई थी जिसके सिंचाई विभाग शारदा नगर नहर के जेई दिलीप कुमार दुर्गापुरवा किसानों के बीच आकर बाढ़ आने की समस्याएं सुनी। वही भारतीय किसान मजदूर यूनिट सिंघानिया संगठन के प्रदेश संगठन मंत्री नंदकिशोर आर्या व निघासन ब्लॉक महामंत्री ओमप्रकाश मौर्य के नेतृत्व में सिंचाई विभाग शारदा नगर नहर के जेई दिलीप कुमार को भारतीय किसान मजदूर यूनिट सिंघानिया संगठन के लेटर पैड पर लिखित ज्ञापन दिया गया। जिसमें किसानों ने मांग की अनेक गांव में आने वाली बाढ़ को समय रहते रोका जाए। ज्ञापन देने शामिल हुए दुर्गापुरवा निवासी उत्तम कुमार मौर्य,ओमप्रकाश मौर्य, शिवभगवान मौर्य,एडवोकेट रमेश कुमार मौर्य, अमर सिंह वर्मा, रमेश कुमार मौर्य, संतकुमार मौर्य, सहित काफी संख्या में ग्रामीणों ने मांग पाए सौंपा।

# सीनियर बेसिक शिक्षक संघ की प्रांतीय बैठक संपन्न

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

पुरवा-उन्नाव। रविवार को उत्तर प्रदेश सीनियर बेसिक शिक्षक संघ की प्रांतीय कार्यसमिति की एक बैठक रॉयल होटल विधायक निवास लखनऊ में संपन्न हुई। इस बैठक में सर्वसम्मति से प्रदेश के सहायता प्राप्त जूनियर हाइस्कूलों में कार्यरत लिपिकों का ग्रेड पे माध्यमिक विद्यालयों की भांति 1900 से 2000 करने, चयन वेतन व प्रोन्नत वेतनमान देने संबंधी शासनादेश निर्गत कराने, 20 प्रतिशत के स्थान पर शत प्रतिशत अध्यापकों को प्रोन्नत वेतनमान देने, न्यूनतम एक लिपिक व तीन सहचर नियुक्त करने वरिष्ठ सहायक अध्यापक का प्रधानाध्यापक पद पर प्रोन्नति व कार्यवाहक प्रधानाध्यापक को प्रधानाध्यापक का वेतनमान देने व न्यूनतम चार सहायक अध्यापक की नियुक्ति कराने, 62 वर्ष की सेवा पर सेवा निवृत्त होने वाले अध्यापकों को ग्रेच्युटी प्रदान करने संबंधी शासनादेश जारी कराने के प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किए गए।



बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष संतोष पांडेय ने की। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष व उन्नाव जिलाध्यक्ष अशोक पाल, प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज शर्मा, सहदेव सिंह चौहान प्रदेश संगठन मंत्री, सियानंद लाल व आलोक यादव प्रदेश संयुक्त मंत्री, जिलाध्यक्ष संभल विनोद कुमार नन्द, विनीत कुमार वार्ष्णेय संभल, राजेंद्र कुमार वर्मा बाराबंकी, फतेहपुर जिलाध्यक्ष कुंवर सिंह, बाबू सिंह फतेहपुर, महेंद्र चौराहा जिलाध्यक्ष बांदा,हीरा चौरीहा, कमलेश गुप्ता व राजेंद्र प्रसाद उपाध्याय बांदा, विनय त्रिपाठी जिलाध्यक्ष इटावा, शाहनवाह अतहर मंडल अध्यक्ष कानपुर, अंकित शुक्ल व मो. इमरान इटावा, सुशील सिंह अध्यक्ष गोंडा, ज्ञान प्रकाश जिला मंत्री उन्नाव व मसरूर अब्बास जिला संयोजक लखनऊ सम्मिलित हुए।

# नीमगांव बवाल मामले में तीन दरोगा निलंबित



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- मारपीट के दौरान खड़े रहे पुलिसकर्मी, मोबाइल चलाते दिखे, एसपी ने लिया एक्शन

नीमगांव खीरी। एसपी संकल्प शर्मा ने थाना नीमगांव में हुए बवाल में बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने लापरवाही बरतने वाले तीन दरोगाओं को निलंबित कर दिया है। साथ ही विभागीय जांच के आदेश भी दिए हैं घटना शनिवार की देर शाम की है। नीमगांव कस्बे में फल विक्रेता शकील और खरीददार अनूप के बीच फल खरीदने को लेकर विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों के लोग इकट्ठा हो गए और मारपीट शुरू हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई करने की बजाय तमाशबीन बनकर खड़े रहना पसंद किया। वीडियो में कुछ पुलिसकर्मी मोबाइल चलाते नजर आए। वीडियो वायरल होने के बाद एसपी ने जांच के आदेश दिए। जांच में दोषी पाए गए दरोगा शशिकांत द्विवेदी, रामवीर और ओमप्रकाश को निलंबित कर दिया गया है।

## पत्रकार की निर्माण हत्या के विरोध में पत्रकारों ने किया विरोध प्रदर्शन

सफीपुर-उन्नाव।सीतापुर जनपद में पत्रकार की गोली मारकर की गई निर्मम हत्या के विरोध में स्थानीय पत्रकारों ने एक जुट होकर विरोध प्रदर्शन किया।पत्रकारों ने कैंडिल मार्च निकाल कर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एएसपी को सौंपकर हत्यारो की गिरफ्तारी और दिवंगत पत्रकार के परिजनों को आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग की गई। बता दें कि सीतापुर जनपद के महोली तहसील के एक अखबार के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी की खबर प्रकाशित करने पर शनिवार को गोली मारकर मौत के घात उतार दिया गया था।पत्रकार की निर्मम हत्या से पूरे प्रदेश के साथी पत्रकारों में रोष व्याप्त हो गया।रविवार को स्थानीय पत्रकार एक स्थान पर एकत्र होकर शोकसभा कर दिवंगत आत्मा की शांति के ईश्वर से प्रार्थना की।वही पत्रकारों ने कस्बे के मुख्यमार्ग पर कैंडिल मार्च निकाल कर कोतवाली पहुंचे जहां एएसपी प्रेमचंद को राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंप कर घटना का खुलासा कर हत्यारो को गिरफ्तार कर उनकी संपत्ति जप्त कर एनएसए लगाए जाने के साथ ही दिवंगत पत्रकार के परिजनों को आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग की गई।

# निशुल्क स्वास्थ्य कैंप का किया गया आयोजन

- मरीजों की मुफ्त जांच कर वितरित की गई दवाएं

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

पुरवा-उन्नाव। निःशुल्क स्वास्थ्य कैम्प में लगभग एक सैकड़ा मरीजों की मुफ्त जांच कर दवाएं वितरित की गई। लखनऊ के वरिष्ठ चिकित्सकों के नेतृत्व में आई टीम ने मरीजों के अच्छे स्वास्थ्य हेतु निःशुल्क परामर्श भी दिया।

रविवार को स्थानीय श्रीमती राम रानी देवी चौरसिया पब्लिक स्कूल शिव-विहार पुरवा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सकुशल संपन्न हुआ। लखनऊ प्राइवेट अस्पताल एवं डाक्टर एसोसिएशन तथा सर्जिकल अस्पताल द्वारा डॉ0 आर0 सी0 सिंह के नेतृत्व में अनुभवी चिकित्सकों से सुसज्जित टीम ने विद्यालय में निःशुल्क परामर्श दिया। साथ ही ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, ईसीजी आदि की मुफ्त जांच की गई और दवाएं दी गई। बनिगांव की सरोजिनी, असावर के



मुकेश, छूलामऊ के बसंतलाल, दीना खेड़ा के नंदकिशोर, तुसरौर के अयोध्या प्रसाद, कस्बा से गोवर्धन चौरसिया, मो0 अहमद, समेत लगभग एक सैकड़ा मरीजों ने अपनी-अपनी समस्या बताई और चिकित्सकों ने उन्हें उचित परामर्श देते हुए दवाएं उपलब्ध कराई। चिकित्सा कैम्प में डॉ0 आर0 सी0 सिंह के नेतृत्व में, डॉ0 के0 के0 सिंह, डॉ0 इमरान, डॉ0 पूर्णिमा सिंह, डॉ0 रीतिका सिंह, सिस्टर उर्मिला, दिशा शामिल हुए। इस दौरान पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि योगेंद्र द्विवेदी, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के तहसील प्रभारी शिवम चौरसिया, भारतीय चौरसिया महासभा की जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ पूनम चौरसिया, प्रियंका चौरसिया, गौरव शर्मा, पारस बाजपेई, अमित आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक एवं विद्यालय संचालक एडवोकेट रत्नम चौरसिया ने सभी का आभार जताते हुए चिकित्सक पैनल को सम्मानित किया। डॉ0 आर0 सी0 सिंह ने बताया कि अगली बार बृहत स्तर पर कैम्प लगाकर स्थानीय मरीजों को सुविधाएं दी जाएंगी।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कांग्रेस पार्टी की वरिष्ठ नेत्रियों एवं कार्यकर्ताओं को किया गया सम्मानित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखीमपुर खीरी। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर जनपद लखीमपुर खीरी में कांग्रेस पार्टी की वरिष्ठ नेत्रियों एवं कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में गोला गोकर्णनाथ खीरी में निः वर्तमान अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी प्रहलाद पटेल की अगुवाई में प्रेम वर्मा ,रामकुमार वर्मा के साथ वरिष्ठ कांग्रेसी नेत्रियों को उनके आवास पर पहुंचकर शाल ओढ़ाकर उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी द्य लखीमपुर खीरी जिला मुख्यालय पर निवर्तमान उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी रवि तिवारी, युवा जिला अध्यक्ष नवाज खान



,जिला महासचिव अब्दुल रहीम, जिला महासचिव रामपाल शाक्य ने कई जगह पहुंचकर वरिष्ठ महिला नेत्री कोमल सिंह ,संतोष यादव, मनसुखा, रजनी गुप्ता व अन्य नेत्रियों को पुष्प गुच्छ भेंट करने के साथ-साथ उन्हें कलम और नोटबुक देकर सम्मानित किया।

संपूर्णानगर में ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने भी अपने क्षेत्र की वरिष्ठ महिला नेत्रियों संध्या जायसवाल,नेहा जायसवाल आदि को पुष्प गुच्छ एवं कलम देकर के सम्मानित किया। जनपद लखीमपुर खीरी में आधा दर्जन से ज्यादा कार्यक्रम हुए सभी ने आधी आबादी की पूरी भागीदारी के नारे के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें प्रोत्साहित करने का संकल्प लिया।

# अपने साहस परिश्रम व समर्पण के बल पर आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं महिलाएं : मीनाक्षी अग्रवाल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- मेरा युवा भारत अंतर्गत नेहरू युवा केन्द्र लखीमपुर के तत्वावधान में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2025

लखीमपुर खीरी। मेरा युवा भारत के अंतर्गत नेहरू युवा केन्द्र, लखीमपुर खीरी युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में व तरूणोदय यूथ क्लब मूड़ा विष्णु के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन न्यू पैरामाउंट कंपटीशन क्लासेज गोला में हर्षोल्लास से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल व विशिष्ट अतिथि के रूप में गोला कोतवाली की महिला उपनिरीक्षक अपूर्वा शर्मा और सर्वेश मौर्या उपस्थित रहीं । जिहोंने अन्य अतिथियों के साथ मिलकर सर्वप्रथम मां सरस्वती के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित व पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । तत्पश्चात राष्ट्रीय युवा संघ सेवक संदीप कुमार वर्मा और कीर्ति वर्मा ने अतिथियों का स्वागत बुके और प्रतीक चिन्ह देकर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मीनाक्षी अग्रवाल ने कहा कि आज महिलाएं अपने साहस, परिश्रम व समर्पण से हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और पुरुषों के बराबर भागीदारी निभा रही हैं। विशिष्ट अतिथि अपूर्वा शर्मा और सर्वेश मौर्या ने मिशन शक्ति के बारे में जानकारी देते हुए महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया।कार्यक्रम का संचालन कर रहे न्यू पैरामाउंट कंपटीशन क्लासेज के डायरेक्टर पटेल सुशील वर्मा ने सभी को




महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए व इस वर्ष के थीम पर प्रकाश डालते हुए सभी बालिकाओं को जीवन मे अपना लक्ष्य तय कर निरन्तर मेहनत, समर्पण व सकारात्मक ऊर्जा से उसे प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। स्वयंसेवक संदीप कुमार इंडियन नेहरू युवा केंद्र के बारे में जानकारी देते हुए बालिकाओं को निडरता से रहने व विभिन्न जनजागरूकता अभियानों में नेतृत्व करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें दर्जनों बालिकाओं ने बढ़ चढ़कर अपने विचार रखें, । कार्यक्रम में प्रतिभागी छात्राओं में प्रथम स्थान पर अलंकृता शुक्ला, द्वितीय स्थान पर कशिश गुप्ता, और तृतीय स्थान सोनाक्षी वर्मा ने प्राप्त कियाम् सभी विजेताओं को अतिथियों के द्वारा मोमेंटो और प्रमाण पत्र लेकर सम्मानित किया गयाम् कार्यक्रम में गोला कोतवाली से महिला आरक्षी आरती राघव, रीता सरोज, प्रियंका, एच डी एफ सी में कार्यरत ठाकुर गौरीश सिंह सहित भारी संख्या में छात्राएं व स्टॉफगण उपस्थित रहे।

# नर्सरी मालिक ने बच्चे को बंधक बनाकर पीटा, एफआईआर दर्ज

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बरेली। थाना कैंट क्षेत्र में पुष्पांजलि रोज़ नर्सरी मालिक ने एक बच्चे को बल्ली से रस्सी द्वारा बांधकर बच्चे की चप्पलों से पिटाई की इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है इस मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

थाना कैंट क्षेत्र कांधरपुर निकट जीबी पटेल मार्केट निवासी पिंटू शर्मा पुत्र महेंद्र पाल शर्मा ने बताया कि 4 मार्च समय करीब सुबह 11:00 बजे मेरा पुत्र आदर्श शर्मा उम्र 8 वर्ष अचानक घर से गायब हो गया जब उसकी तलाश शुरू की कहीं नहीं मिला करीब शाम 5:00 बजे कुछ लोगों ने बताया पुष्पांजलि रोज नर्सरी ग्राम उमरसिया में नर्सरी मालिक रोहित टंडन का बेटा तुम्हारे बेटे को रस्सी से बांध के वहीं खड़ा कर दिया है तभी में मौके पर पहुंचा तो देखा मेरे बेटे को एक बल्ली के सहारे रस्सी से हाथ बांध रखा था और उसे चप्पलों से बहुत बुरी तरीके से मारपीट रहा था तभी मैंने उसे छुड़ाने की कोशिश की तो नर्सरी मलिक मुझे भी बहुत गंदी-गंदी गालियां दे रहा था और बोल रहा था तेरे बेटे को जान से मार दूंगा तभी मैंने डायल 112 मिलकर पुलिस बुलाई वह मुश्किल अपने बेटे को वहां से छुड़ाया अब में रोहित टंडन व उसके बेटे के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## अस्पताल व सिडकुल से कैमिकल बाला कचरा नदी में डालने पर मुकदमा दर्ज

शीशगढ़। रुद्रपुर (उत्तराखंड) के अस्पताल व सिडकुल से कैमिकल बाला कचरा टांडा छंगा क्षेत्र में बहने बाली वरोर नदी में डालकर नदी व बातावरण को दूषित करने के मामले में पुलिस कचरा डालने वाले वाहन के ड्राइवर और कचरा डलवाने वाले दो लोगों सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जाँच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले दिनों टांडाछंगा निवासी आगाज पुत्र खलीक अहमद ने बहेड़ी तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र देकर गाँव के आहिल अब्बास व अकील अहमद पर आरोप लगाया था कि दोनों लोगों रुद्रपुर निवासी अरुन कुमार से रुद्रपुर के अस्पताल व सिडकुल से कैमिकल वाला कचरा टांडा छंगा क्षेत्र में बहने बाली वरोर नदी में वाहन संख्या यू.के.06सी. वी से डलबाते हैं।जिससे नदी का पानी और वातावरण दूषित हो रहा है।कई बार मना करने पर भी नहीं मान रहे है।नदी किनारे वादी का खेत है।11फरवरी को वह ज़ब अपने खेत पर पहुंचा तो आरोपी कचरा नदी में डाल रहे थे।

# रेलवे ने होली से पहले यात्रियों को दिया तोहफा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बरेली। पूर्वोत्तर रेलवे ने होली के त्यौहार को लेकर यात्रियों के लिये साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचालन किया है।05092/05091 कासगंज-छपरा-कासगंज साप्ताहिक होली विशेष गाड़ी का कासगंज से 10 से 24 मार्च, 2025 तक प्रत्येक सोमवार एवं बृहस्पतिवार को तथा छपरा से 11 से 25 मार्च, 2025 तक प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को 05 फ़ेरों किया जायेगा। 05092 कासगंज-छपरा साप्ताहिक होली विशेष गाड़ी 10 से 24 मार्च, 2025 तक प्रत्येक सोमवार एवं बृहस्पतिवार को कासगंज से 19.50 बजे प्रस्थान कर सोरों शूकर क्षेत्र 20.15 बजे, उझानी से 20.44 बजे, बदायूँ से 21.00 बजे, बरेली जं. से 22.03 बजे, बरेली सिटी से 22.20 बजे, इज्जतनगर से 22.40 बजे, भोजीपुरा से 23.00 बजे, पीलीभीत से 23.50 बजे, दूसरे दिन पूरनपुर से 00.48 बजे, मैलानी से 02.05 बजे, गोला गोकरनाथ से 02.27 बजे, लखीमपुर से 02.59 बजे, सीतापुर से 03.45 बजे, गोंडा से 05.50 बजे, बस्ती से 06.52 बजे, खलीलाबाद से 07.32 बजे, गोरखपुर से 08.10 बजे, कप्तानगंज से 09.12 बजे, पडरौना से 09.47 बजे, तमकुही रोड से 10.22 बजे, थावे से 11.45 बजे, गोपालगंज से 11.57 बजे, रानी सराय से 12.15 बजे, दिघवा दुबौली से 12.47 बजे तथा मसरख से 13.12 बजे छूटकर छपरा 14.20 बजे बजे पहुँचेगी।

वापसी यात्रा में 05091 छपरा-कासगंज साप्ताहिक होली विशेष गाड़ी 11 से 25 मार्च, 2025 तक प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को छपरा से 16.50 बजे प्रस्थान मसरख से 17.52 बजे, दिघवा दुबौली से 18.17 बजे, रतन सराय से 18.49 बजे, गोपालगंज से 19.07 बजे, थावे से 19.50 बजे, तमकुही रोड से 20.27 बजे, पडरौना से 20.57 बजे, कप्तानगंज से 21.37 बजे, गोरखपुर से 22.40 बजे, खलीलाबाद से 23.10 बजे, बस्ती से 23.47 बजे, दूसरे दिन गोंडा से 00.52 बजे, सीतापुर से 03.00 बजे, लखीमपुर से 03.47 बजे, गोला गोकरननाथ से 04.32 बजे, मैलानी से 05.00 बजे, पूरनपुर से 05.43 बजे, पीलीभीत से 06.50 बजे, भोजीपुरा से 07.25 बजे, इज्जतनगर से 07.52 बजे, बरेली से सिटी से 08.10 बजे, बरेली जं. से 08.30 बजे, बदायूँ से 09.20 बजे, उझानी से 09.32 बजे तथा सोरों शूकर क्षेत्र से 10.00 बजे छूटकर छपरा 10.55 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में एल.एस.एल.आर.डी. का 01, साधारण द्वितीय श्रेणी के 03, शयनयान श्रेणी के 05, वातानुकूलित प्रथम सह द्वितीय श्रेणी का 01, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकोनामी के 04 तथा जनरेटर सह लगेज यान के 01 कोच सहित कुल 16 कोच लगाये जायेंगे।

## हर्षोल्लास के साथ मनाएं होली व ईद का त्यौहार, सीओ धौरहरा ने आम जनता से की अपील

धौरहरा खीरी। रविवार को कोतवाली धौरहरा परिसर में पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रीतम पाल सिंह तहसील दार आदित्य विशाल थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश मिश्रा अध्यक्षता में शांति कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपस्थित कस्बे के विभिन्न संप्रदाय के सम्भ्रांत लोगों व ग्राम प्रधानों से थाना प्रभारी निरीक्षक ने क्षेत्र के संबंध में जहां जानकारी ली की कही कोई त्योहारों को लेकर किसी प्रकार के बाद विवाद की स्थिति की सूचना पहले से फोन व गुप्त रूप से मिलकर शिकायत कर सकते हैं शिकायतकर्ता की पहचान गुप्त रखी जाएगी और होली, ईद आदि त्योहारों को आपसी भाईचारा, प्रेम सौहार्द कायम रखते हुए मनाने की अपील की। वही त्योहार में किसी भी विपरीत परिस्थिति में तत्काल पुलिस का सहयोग लेने की बात कही। अपना मोबाइल नंबर सार्वजनिक करते हुए कहा आवश्यकता पड़ने पर किसी भी समय आप पुलिस सहायता के लिए संपर्क कर सकते हैं। पुलिस सदैव आपकी सहायता के लिए तत्पर रहेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम आवास पर तैनात पीएसी सिपाही की ट्रेन से गिरकर मौत

बरेली। मीरगंज थाना क्षेत्र में रविवार सुबह गुला रेलवे क्रासिंग से कुछ दूरी पर ट्रेन से गिरकर पीएसी सिपाही की दर्दनाक मौत हो गई। सिपाही सीएम योगी के आवास पर सुरक्षा में तैनात था। सिपाही देर रात किसी ट्रेन से गिरकर ट्रेन की ही चपेट में आ गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।जानकारी के मुताबिक, मुजफ्फरनगर नगर के मंडोरा गांव का रहने वाला अंकुर 47 बटालियन पीएसी गाजियाबाद में तैनात है। उसकी इन दोनों उसकी ड्यूटी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के आवास पर सुरक्षा में लगी हुई है। बताया जा रहा है कि पीएसी के सिपाही अंकुर देर रात किसी ट्रेन से लखनऊ से दिल्ली की तरफ जा रहा था। इस दौरान वह अचानक चलती ट्रेन से सिपाही गिर गया उसी ट्रेन की चपेट में आने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई।

### हैदराबाद पुलिस ने दो युवकों को अबैध तमंचा व कारतूस सहित किया गिरफ्तार

अजान खीरी। थाना हैदराबाद पुलिस टीम द्वारा बाहन चेकिंग के दौरान इमलिय मोड़ तिराहा ग्राम अहमदनगर के पास रविवार को दो युवक को अवैध तमंचे व एक अदद जिन्दा कारतूस बोर व दो अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी प्रवीर गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को समय करीब 12:50 बजे हैदराबाद पुलिस टीम में उप संतपाल सिंह राठौर,, हेड कांस्टेबल देवेन्द्र सिंह, कांस्टेबल कन्हैया तेजयान, नीरज कुमार दल बल के साथ इमलिय मोड़ तिराहा ग्राम अहमदनगर के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाते समय पुलिस की चेकिंग को देखकर पैदल जा रहे दो युवक भागने लगे। पुलिस ने दौड़कर भागते युवको को पकड़ लिया। जामा तलाशी लेने पर युवको के पास से एक अदद अबैध तमंचा 12 बोर तथा एक अदद जिन्दा कारतूस व दो अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। पूछताछ मे युवक ने अपना नाम बाबीराज पुत्र चेतराम निवासी ग्राम मूड़ा सरकटा, अंकित पुत्र तेजराम निवासी ग्राम मूड़ा सरकटा थाना हैदराबाद बताया। पुलिस द्वारा दो युवक के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान न्यायालय को भेजा गया।

### चिंटू पूरी गौ रक्षक ने किया मृत बछड़े का अकेले अंतिम संस्कार नहीं मिला प्रधान का कोई साथ



पलियाकलां खीरी। जिला लखीमपुर खीरी के पलिया कलां नगर के सारदा पुल के नीचे मृत पड़े बछड़े का चिंटू पुरी गौ रक्षक ने किया अकेले ही अंतिम संस्कार और नहीं मिला प्रधान का कोई सहयोग आखिर प्रधान क्यों नहीं करते गौ रक्षकों का सहयोग और क्यो नही मिलता प्रशासन का भी कोई सहयोग आखिर क्यो गौ रक्षकों को करना पड़ता है अकेले गौवंसो का अंतिम संस्कार चिंटू पूरी गौ रक्षक ने बताया की पलिया नगर मे नगर पालिका का मिल जाता है सपोर्ट लेकिन जब ग्राम या हाईवे तरफ कोई गोवंश खत्म होता है तो नहीं मिलता है किसी का सहयोग गौ राक्षकों को बड़ी मुश्किल का करना पड़ता है।

### गोला में जिला सीतापुर में पत्रकार की निर्मम हत्या पर क्रांतिकारी पत्रकार परिषद में दिखा आक्रोश दिया आंदोलन की चेतावनी

गोला गोकर्णनाथ खीरी। क्रांतिकारी पत्रकार परिषद की सभा का आयोजन सर्वोदय नगर गोला में किया गया जिसमें सभी पत्रकारों ने सुरक्षा एवं संरक्षण मुद्दा छाया रहा जिसमें मुख्यतः जिला सीतापुर महोली निवासी राघवेंद्र बाजपेई की निर्मम हत्या को लेकर चर्चा की गई जिसमें मृतक राघवेंद्र बाजपेई की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। जिसमें क्रांतिकारी पत्रकारों में दिखा काफी आक्रोश मृतक राघवेंद्र बाजपेई के हत्यारो की अभी तक गिरफ्तारी न होने पर क्रांतिकारी पत्रकारो में दिखा आक्रोश और प्रशासन को तीन दिन में अगर गिरफ्तारी नहीं हुई तो क्रांतिकारी पत्रकार जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करने बाध होगा। और पत्रकारों के उत्पीड़न पर रोक लगाई जाए।

# पांच साल की उम्र से रख रहे नन्हें -मुन्ने पवित्र रमज़ान



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- मुल्क में अमन -चैन की दुआ की

रिठौरा। मन में आस्था एवं परिजनों का सहयोग नन्हें -मुन्नों को जीवन में अच्छे रास्ते पर ले जाता है। जिसके चलते जीवन सदैव सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ता है। नगर के मोहल्ला काहरान के कैसर हुसैन के पोते शेहाब हुसैन(12),सरहान हुसैन (9) मोहम्मद सारिक (6) पिछले पांच वर्ष की आयु से रमज़ान रखते आ रहे हैं। सुबह उठकर सहरी खाना, नमाज़ पढ़ना के बाद स्कूल पढ़ने जाना इन नन्हें -मुन्नों की दिनचर्या है।इस सन्दर्भ में नन्हें -मुन्नों से रमज़ान रखने को सन्दर्भ में पूछा तो उन्होंने कहा हम अपने मुल्क में अमन -चैन चाहते हैं।पढ़ लिखकर देश की सेवा करेंगे।

## पड़ोसी ने घर में घुसकर विवाहिता को बुरी नियत से दबोचकर की छेड़छाड़

शीशगढ़।पति व अन्य ससुरालियो की गैर मौजूदगी में अपने घर में झाड़ू लगा रही विवाहिता को पड़ोसी ने घर में घुसकर बुरी नियत से दबोचकर छेड़छाड़ शुरू कर दी।अचानक पति के आने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया।पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पीड़िता को मेडिकल को भेज दिया।

थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि शनिवार शाम लगभग 5.30 बजे वह अपने घर में झाड़ू लगा रही थी।उस समय पति व अन्य परिवार के लोग घर पर नहीं थे। इसी बीच मौका देखकर पडोसी आकाश पुत्र जयप्रकाश घर में घुस आया।और बुरी नियत से दबोचकर छेड़छाड़ करने लगा।तभी अचानक पति घर पर आ गए।उन्हें देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गया।

# होली त्योहार से पहले पुलिस ने जनता को दिया तोहफा, 215 मोबाइल पाकर खिल उठे चेहरे

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बरेली। होली त्योहार से पहले पुलिस विभाग ने जनता को एक बड़ा तोहफा दिया है। लगभग 40 लाख रुपए कीमत के 215 मोबाइल फोन, जो गिर गए और गुम हुए थे, पुलिस ने बरामद कर लिए और उन्हें उनके असली मालिकों को वापस सौंप दिया। इससे मोबाइल स्वामियों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने पुलिस की इस पहल की सराहना की। एसपी सिटी मानुष पारिक ने पुलिस लाइन में एक प्रेस वार्ता आयोजित कर इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग ने गुम हुए गिर गए 215 मोबाइल फोनों को ट्रैक करके बरामद किए हैं जिसकी कीमत लगभग 40 लाख रुपए है उन्हें वापस लाने के लिए पुलिस ने कड़ी मेहनत की। इसके बाद, उन्होंने मोबाइल फोनों को उनके मालिकों को वापस सौंप दिए।

थाना सीबीगंज क्षेत्र के गांव खड़उआ निवासी कृतिका पाठक ने बताया 3 महीने पहले एनुअल फंक्शन था वापस घर जा रही थी रास्ते में तीन लड़कों ने रेडमी का मोबाइल छीन लिया था वह मोबाइल आज मुझे पुलिस के द्वारा मिल गया पुलिस का धन्यवाद करती हूं। महिला सुजाता ने बताया 16 जनवरी को मेरा मोबाइल रेडमी का गुम हो गया था मुझे उम्मीद नहीं थी कि मोबाइल मिल जाएगा यूपी पुलिस ने मेहनत की और मेरा मोबाइल बरामद हो गया पुलिस ने बहुत अच्छा काम किया है जो इतनी बड़ी संख्या में मोबाइल बरामद किए हैं मैं पुलिस को सलूट करती हूं।

# एसआरएमएस किंग्स ने रोमांचक मुकाबले में आइएमए बरेली को 7 विकेट से हराया

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बरेली। आइएमए बरेली को सात विकेट से हरा कर एसआरएमएस किंग्स ने फ्रैंडशिप कप जीत लिया। अंतिम गेंद तक चले रोमांचक मुकाबले में एसआरएमएस किंग्स ने फ्रैंडशिप कप हासिल किया। फाइनल मैच जीतने के लिए महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए एसआरएमएस किंग्स के कप्तान आदित्य मूर्ति को मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने 3 छक्कों की मदद से 14 गेंदों पर 33 रन बनाने के साथ एक विकेट लिया और एक खिलाड़ी को रन आउट किया। टूर्नामेंट के 6 मैचों में एक शतक के साथ 207 रन बनाने के लिए आइएमए बरेली के डा. अनिल गंगवार को मैन ऑफ सीरीज चुना गया। 193 रन बनाने वाले आईडीए के डा. सलिल बलदेव बेस्ट बैट्समैन और 10 विकेट लेने वाले एसआरएमएस किंग्स के सुधांशु सक्सेना बेस्ट बॉलर बने। टूर्नामेंट के पांच मैचों में बेहतर फील्डिंग कर 5 कैच लेने वाले एसआरएमएस किंग्स के डा. महेश त्रिपाठी बेस्ट फील्डर चुने गए। आइडीए बरेली की टीम को दिया गया फ़ेयर प्ले अवार्ड दिया गया।

श्रीराम मूर्ति मेमोरियल क्रिकेट स्टेडियम में रविवार को एसआरएमएस फ्रैंडशिप कप सीजन 3 का फाइनल मुकाबला हुआ। आईएमए बरेली के कप्तान डा. आरपी सिंह ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। चौथे ओवर में 30 रनों पर पहला विकेट गिरने के बाद भी आईएमए बरेली ने डा. मनीष अग्रवाल (83 रन, 45 गेंद, 8 चौके, 5 छक्के), डा. आरपी सिंह (27 रन, 19 गेंद, 1 चौका, 2 छक्के) और डा. अतुल गंगवार (43 रन, 25 गेंद, 3 चौके, 3 छक्के) की मदद से 6 विकेट के नुकसान पर निर्धारित 20 ओवर में 195 रन बनाए। जवाब में एसआरएमएस किंग्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और तीसरे ओवर में डा. विश्वदीप आउट हुए, तब टीम का स्कोर 22 था। दूसरे विकेट के लिए डा. आयुष गर्ग और डा. महेश त्रिपाठी ने 117 रन की साझेदारी की। 15वें ओवर में डा. आयुष गर्ग (64 रन, 41 गेंद, 10 चौके) और 16वें ओवर में डा. महेश त्रिपाठी (50 रन, 41 गेंद, 4 चौके, 1 छक्का) आउट हुए। मैच का असली रोमांच आखिरी दो ओवर में देखने को मिला। एसआरएमएस किंग्स को जीत के लिए 7 गेंदों पर 18 रन की जरूरत थी। इस मुश्किल समय पर कप्तान आदित्य मूर्ति ने छक्का लगाया। अंतिम गेंद पर जीत के लिए 3 रनों की जरूरत को डा. रेहान ने पूरा किया और टीम का स्कोर 196 पहुंचाया। आदित्य मूर्ति (33 रन, 14 गेंद, 3 छक्के) और डा. रेहान (21 रन, 15 गेंद, 2 चौके) नाबाद रहे। फाइनल में आइएमए बरेली को 7 विकेट से हराने के साथ एसआरएमएस किंग्स ने 16 फरवरी को फ्रैंडशिप कप के पहले व उद्घाटन मैच में आइएमए बरेली से 42 रन से मिली हार का भी बदला लिया। पहले मैच में आईएमए बरेली ने 9 विकेट पर 167 रन बनाए थे और एसआरएमएस किंग्स को निर्धारित ओवर में 142 रन पर रोक कर जीत अपने नाम की थी।

## हैदराबाद थाना क्षेत्र में त्योहार पर बढ़ी कच्ची शराब डिमांड

अजान खीरी। त्योहारों पर कच्ची अवैध शराब की डिमांड बढ़ी तो ठंडी पड़ीं भट्ठियां फिर धधकने लगीं। मुनाफ़े के कारोबार में जिंदगी को दरकिनार कर गांव-गांव मौत का कारोबार चल रहा है और जिम्मेदार आंखें बंद किये हैं। मालूम हो कि हैदराबाद थाना क्षेत्र के दर्जनों गांवों में अवैध कच्ची शराब का कारोबार चल रहा है। ऐसा नहीं है कि पुलिस या आबकारी विभाग के अफसरों को इसकी खबर नहीं है, लेकिन इसके बावजूद धंधा जारी है। अवैध शराब के एक कारोबारी का कहना है कि पुलिस और विभाग के अधिकारियों का हफ्ता तय है। धंधे में कोई रोड़ा नहीं अटकाता, बशर्ते रोकड़ा समय पर पहुंचता रहे। सेटिंग का आलम यस है कि अगर कोई बड़ा अधिकारी छापा मारने की तैयारी करता है तो उससे पहले ही छापे की सूचना मिल जाती है। वहीं सूत्रों का कहना है कि थाना हैदराबाद की ढकवा चौकी क्षेत्र में पुनः शराब सप्लायर सक्रीय हो गए हैं जो शराब की सप्लाई करने गया था जिसकी बाइक में शराब से भरा बैग साफ-साफ देखा जा सकता है।यह वीडियो राजेपुर से तुसौरा मार्ग का बताया जा रहा है।

# नवागंतुक थाना प्रभारी प्रवीर गौतम ने संभाली हैदराबाद थाना की कमान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



अजान खीरी। बीते दिनो पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा द्वारा कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए जिले के कई थानो के निरीक्षक व थानाध्यक्षों के कार्यक्षेत्र में बड़ा फ़ेर-बदल करते हुए थाना हैदराबाद मे प्रवीर गौतम को तैनात किया गया। नवांगतुक थाना अध्यक्ष श्री गौतम ने कार्यभार संभालते ही परिचयात्मक क्षेत्रीय पत्रकारों की बैठक थाना परिसर में आयोजित करते हुए कहां की क्षेत्र मे सक्रिय रहकर कार्य करने की अपील की आप लोग सिर्फ सच्चाई को ही जनता व अधिकारियों तक पहुचाये।साथ ही कहाँ कि हमारा मुख्य उद्देश्य सच्चाई को लोगों तक पहुचाना है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की घटनाओं से पुलिस को अवगत कराते रहे। जिससे क्षेत्र की जनता की सेवा की जा सके। और पीड़ित को न्याय मिल सके। साथ ही पुलिस और पत्रकार को आपस मे सामजस्य बनाए रखने का अनुरोध करते हुए सहयोग बनाए रखने की बात कही ताकि और उन्होंने कहा थानाध्यक्ष के रूप में वह जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहेंगे और जनता की समस्याओं का समाधान कराए जाने की प्रथम प्राथमिकता होगी।अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम अभियान चलाया जायेगा और किसी भी हाल में किसी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। पीड़ित के साथ में हर हाल में न्याय किया जाएगा। गरीब असहाय फरियादियों की पारदर्शिता पूर्वक एव समय पर निष्पक्ष न्याय मिल सके इसके लिए प्रयास रत रहेगे ।पीड़ित निःसंकोच थाने में आकर अपनी बात कह सकता है और उसकी समस्या पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए उसके साथ न्याय करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक ने हर एक पत्रकार से मिलकर उनका परिचय प्राप्त किया तथा पुलिस को हर सभव मदद करने की अपील की जिसमें भयमुक्त व अपराध मुक्त क्षेत्र व समाज का निर्माण हो सके।

# भाजपा महिलाओं के रोजगार, विकास व सम्मान के लिए काम कर रही

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। नगर पालिका परिषद गोलागोकर्णनाथ के सभागार में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह का आयोजन किया जिसमें मुख्य अतिथि सुजीता कुमारी सदस्य राज्य महिला आयोग उ0प्र0 ने समाज में उत्कृष्ट योगदान करने वाली मातृशक्ति को अंगवस्त्र और स्मृतिचिह्न लेकर सम्मानित किया। सम्मान समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुजीता कुमारी कार्यक्रम आयोजक नगरपालिका अध्यक्ष द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग उ0प्र0 की सदस सुजीता कुमारी ने समाज में अन्यानि क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान करने वाली नगर की 25 महिलाओं को अंगवस्त्र एवं स्मृतिचिह्न देकर सम्मानित करते हुए कहा कि,'' योगी -मोदी सरकार लगातार महिला सशक्तिकरण पर काम कर रही है मोदी सरकार की बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' एक महत्वपूर्ण योजना है, जो भारत में लड़कियों के जीवन को बेहतर बनाने में मदद कर रही है,मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना शुरू की गई थी। इस योजना के तहत देश की सभी गरीब महिलाओं को मुफ्त एलपीजी कनेक्शन दिलवाया गया।

कार्यक्रम का में समाजसेवी प्रेमलता अग्रवाल,रचना सक्सेना ,सभासद अख्तर जहाँ, गीता देवी,ईशावती ,नसरीन, शहनाज बानों, रचना देवी,दीपिका सैनी, फरहा नाज सविता गुप्ता, एड. खदीजा जमाल,सविता बाजपेयी, लाजवंती देवी,रेहाना अंसारी, साहित्यकार ,डा स्मिता तिवारी, शिप्रा खरे,आशा श्रीवास्तव, रिचा केडिया, प्रियंका गुप्ता, पत्रकार अंशिका सक्सेना को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा0 स्मिता तिवारी ने किया इस अवसर परपिंकी गुप्ता, गीता विश्वकर्मा, रेखा मिश्रा,अनीता शर्मा, गीता दुबे, सीमा वर्मा,सहित सैकड़ों महिलाएं मौजूद रही।

## समाज सेवी द्वारा किया गया विकास कार्यों निरीक्षण

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

मैलानी खीरी। मैलानी नगर पंचायत अध्यक्षा कीर्ति माहेश्वरी के पति और समाज सेवी भवानी शंकर माहेश्वरी ने मैलानी नगर में हो रहे विकास कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया तथा समीक्षा की।उन्होंने वार्ड नं 04 और 05 में नाली एवं सीसी रोड निर्माण कार्य, वार्ड नं 10 में शमशान घाट का सुंदरीकरण आदि का स्वयं जाकर निरीक्षण किया और गुणवत्ता जांची और ठेकेदारों को निर्देश दिए कि यह महत्वपूर्ण निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा किया जाए। मैलानी नगर पंचायत अध्यक्षा के पति और समाज सेवी भवानी शंकर माहेश्वरी ने कार्यों की समीक्षा के साथ सारे विकास कार्यों के लिए सभी को दिशा निर्देश दिए। बताते चलें कि इससे पहले मैलानी नगर पंचायत अध्यक्षा ने जांच कर सभी को दिशा निर्देश दिए थे।जिसके चलते शनिवार को समाज सेवी ने कार्यो का निरीक्षण किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्षा सहित नगर पंचायत कार्यालय के कर्मचारीगण आदि लोग उपस्थित रहे।

# पत्रकार की हत्या से आक्रोशित पत्रकारों ने प्रदर्शन कर, एसओ को सौंपा ज्ञापन

- पत्रकार की हत्या के विरोध में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन कर दो मिनट का रखा मौन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कुकरा खीरी। जिला सीतापुर महोली में एक दैनिक अखबार के पत्रकार की हुई दिनदहाड़े हत्या के बाद खीरी जिले में पत्रकार आक्रोशित है,जिले के बिजुआ ब्लाक मे आक्रोशित पत्रकारों ने विरोध रैली निकालकर पुलिस को जल्द खुलासे व पत्रकार परिवार को मुआवजा दिए जाने की मांग की। बिजुआ में पत्रकारों इंडियन बैंक से लेकर पुलिस चौकी तक विरोध रैली निकालकर घटना के 24 घण्टे बीतने के बावजूद खुलासा न होने पर सीतापुर पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने पुलिस को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें हत्या के मामले में कठोर कार्रवाई की मांग की। पत्रकार संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सूरज सिंह ने कहा कि पुलिस को जल्द से जल्द हत्या का खुलासा करना चाहिए,पत्रकार कोई वैतनिक पद नही होता हमारे पत्रकार साथी की हत्या के बाद उसके परिवार का पालन-पोषण की दिक्क्त आ खड़ी है जिसके लिए पीडित परिवार को आर्थिक मदद की जाए। वरिष्ठ पत्रकार अब्दुल सलीम खान ने कहा सीतापुर की घटना से पत्रकार समुदाय काफी आक्रोशित है। इस घटना के बाद प्रशासन को अन्य जिलों में पत्रकारों के साथ इस तरह के मामले को गंभीरता से लेते हुए उन पर कार्रवाई करे, और दिवंगत पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई के परिवार के सदस्य को नौकरी, मुआवजा और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करे। कुकरा खीरी।। आल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन (एप्जा) चेयरमैन रवीन्द्र मिश्रा जी व चीफ कोआर्डिनेटर श्री अनुराग एम सारथी जी के निर्देशानुसार महोली (सीतापुर) के पत्रकार साथी राघवेंद्र बाजपेई की हत्या के विरोध को लेकर काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराया। सरकार कठोर कार्रवाई कर परिवार को 50 लाख रूपये का मुआवजा व परिवार में एक नौकरी दे! नही तो पत्रकार समाज सड़कों पर उतर कर विरोध प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा! इसी क्रम में ऑल इंडिया प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन जिला संगठन मंत्री खीरी के डीपी आर्य जी के नेतृत्व में जिला उपाध्यक्ष शैर अली खान के प्रठिस्ठान पर वरिष्ठ पत्रकार बरकत अली अंसारी, सबबन खान,छोटे खान,वीरेंद्र कुमार उर्फ गुड्डू,मुंशी खान, मोहन मिश्रा,इशरत अली,रिजवान अंसारी पत्रकार साथियों ने दो मिनट का मौन रख कर शोक जताया तथा इस दौरान पत्रकार रामनिवास मिश्रा, जितेंद्र भारद्वाज, पवन जायसवाल, सतीश त्रिवेदी, विनोद कुमार, आसिफ अली, अजय गुप्ता, अंतिम सिंह, दीपक पांडेय, पुष्पेंद्र कुमार, प्रेम यादव,मौजूद रहे।

# फॉर्म में चल रहे गुजरात जाइंट्स से भिड़ेगी मुंबई इंडियंस, नजरें शीर्ष स्थान पर

एजेंसी

मुंबई। लीग चरण में अब जब सिर्फ दो मैच बचे हैं तब मुंबई इंडियंस की नजरें सोमवार को यहां फॉर्म में चल रहे गुजरात जाइंट्स के खिलाफ जीत के साथ महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल करने पर टिकी होंगी। यूपी वारियर्स ने शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को 12 रन से हराकर इस गत चैंपियन टीम को प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर किया। इसके साथ ही दिल्ली कैपिटल्स, मुंबई इंडियंस और गुजरात जाइंट्स का प्ले ऑफ में जगह बनाना तय हो गया। हालांकि अब भी अंक तालिका में टीमों का स्थान तय नहीं है। तीसरे डब्ल्यूपीएल का अंतिम चरण ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला जाएगा जो हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली मुंबई इंडियन्स का घरेलू मैदान है और उन्होंने 2023 में यहां पहले सत्र का खिताब जीता था। टीम अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल करने की कोशिश करेगी। लीग चरण के अंत में अंक तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीम को सीधे फाइनल में प्रवेश मिलेगा और सोमवार और मंगलवार को लगातार दो मैच खेलने वाले मुंबई इंडियन्स का लक्ष्य दिल्ली कैपिटल्स से आगे निकलना होगा जो अभी 10 अंक और 0.396 के नेट रन रेट के साथ पहले स्थान पर है। तालिका में शीर्ष पर रहने से मुंबई इंडियन्स की टीम छह दिन के भीतर चौथा मैच खेलने से भी बच जाएगी जो एलिमिनेटर होगा। यहां की गर्म और आर्द्र परिस्थितियों में



लगातार मुकाबले खेलना किसी भी टीम के लिए आसान नहीं होता। मुंबई की टीम अभी आठ अंक और 0.267 के नेट रन रेट के साथ तीसरे स्थान पर है। टीम अगर गुजरात जाइंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ अपने अंतिम दोनों मैच जीत लेती है तो 12 अंक के साथ शीर्ष पर जगह बना सकती है। वर्तमान में आठ अंक और 0.334 के नेट रन रेट के साथ दूसरे स्थान पर मौजूद गुजरात की टीम मुंबई इंडियन्स को हराने पर अधिकतम 10 अंक हासिल कर सकती है जिससे टीम दिल्ली कैपिटल्स के समान अंक बना लेगी। ऐसी स्थिति में नेट रन रेट यह निर्धारित करेगा कि अंक तालिका में टीमों की स्थिति कैसी होगी। दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम बृहस्पतिवार को एलिमिनेटर में भिड़ेंगी जबकि फाइनल शनिवार को खेला जाएगा। लेकिन मुंबई की राह आसान नहीं होगी क्योंकि जाइंट्स ने लगातार तीन बड़ी जीत दर्ज करके अंतिम तीन में जगह बनाई है। गुजरात का बल्लेबाजी क्रम एकजुट होकर रन बना रहा है जबकि गेंदबाजों ने भी लय हासिल कर ली है। प्लेऑफ में पहली बार जगह बनाने से भी जाइंट्स की टीम प्रेरित होगी जिन्होंने अपने शुरुआती चार मैच में से तीन गंवाने के बाद जोरदार वापसी की।

# एसबीआई ग्रीन मैराथन दिल्ली में सफलतापूर्वक हुई संपन्न

एजेंसी

नयी दिल्ली। एसबीआई ग्रीन मैराथन का पांचवां सत्र रविवार को मिर्ची के सहयोग से राजधानी दिल्ली में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

आज यहां सेंट्रल सेक्रेटेरिएट स्पोर्ट्स ग्राउंड में आयोजित हुई समापन दौड़ को भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाई। मैराथन पांच किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 21 किलोमीटर की दौड़ श्रेणियां में हुई। इस दौड़ में कुल छह हजार धावकों ने विभिन्न श्रेणियों में भाग लिया। अमन सिंह, तुष्मा सेठी, दीपक छिल्लर, किरण छिल्लर और श्वेतांश धर जैसे अनुभवी धावक ने प्रतिभागियों को फिनिश लाइन पार करने के लिए प्रेरित किया। इस मैराथन का उद्देश्य सतत विकास (सस्टेनेबिलिटी) और हरित भविष्य के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना था जिसमें पूरे शहर ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। देश के 11 शहरों में आयोजन करने के बाद आज राजधानी दिल्ली में यह मैराथन सफलतापूर्वक संपन्न हुई। मैराथन में भारतीय नौसेना और भारतीय सेना के जवानों की भागीदारी। इस दौरान सभी धावकों को जैविक टी-शर्ट (ऑर्गेनिक टी-शर्ट) दिए गए, प्लांटेबल बिब्स प्रदान किए गए और कार्यक्रम में उपयोग की गई सभी सामग्रियों को अधिकतम पुनर्नवीनीकरण (रिसाइक्लेबल) क्षमता के साथ तैयार किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान मिर्ची दिल्ली के आरजे सात्विक और आरजे कृष्ण ने प्रतिभागियों को उत्साहित किया और धावकों और एसबीआई प्रतिनिधियों से उनके अनुभव भी साझा करवाए।

## संक्षिप्त समाचार

### रेनेस को हराकर पेरिस सेंट जर्मेन ने लीग वन में 4-1 की बढ़त बनाई

**पेरिस।** स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतरे ऑसमेन डेम्बेले के दो गोल की मदद से पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने लीग वन फुटबॉल टूर्नामेंट में रेनेस को 4-1 से हराकर लीग में अपना अजेय अभियान जारी रखा। डेम्बेले ने अपने दोनों गोल दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के पहले और चौथे मिनट में दागे। ब्रेडले बार्सोला (27वें मिनट) और गोंजेलो रामोस (50वें मिनट) ने भी टीम की ओर से एक-एक गोल किया। रेनेस की ओर से एकमात्र गोल लिलियन ब्रेसियर ने 53वें मिनट में किया। लीग के मौजूदा सत्र में अब तक अजेय पीएसजी के इस जीत से 25 मैच में 65 अंक हो गए हैं और टीम ने दूसरे स्थान पर मौजूद मार्सिले पर 16 अंक की बढ़त बना ली है। शनिवार को लेन्स के खिलाफ 0-1 से शिकस्त झेलने वाले मार्सिले के 25 मैच में 49 अंक हैं

### वेस्टइंडीज को हराकर भारत आईएमएल 2025 के सेमीफाइनल में

**रायपुर।** भारत ने यहां वेस्टइंडीज को सात रन से हराकर अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स लीग (आईएमएल) टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। मेजबान टीम ने स्टुअर्ट बिन्नी के तीन विकेट और इरफान पठान की अंतिम ओवर में शानदार गेंदबाजी से शनिवार को बड़े स्कोर वाले मुकाबले में रोमांचक जीत दर्ज की इस मुकाबले के साथ सचिन तेंदुलकर बनाम ब्रायन लारा की प्रतिद्वंद्विता एक बार फिर नजर आती लेकिन मेजबान टीम ने अपने दिग्गज खिलाड़ी को आराम दिया। भारत मास्टर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अंबाती रायुडू (63) और सौरभ तिवारी (60) के अर्धशतक के बाद कार्यवाहक कप्तान युवराज सिंह (नाबाद 49) की तूफानी पारी से तीन विकेट पर 253 रन बनाए। इसके जवाब में ड्वेन स्मिथ (79) और विलियम पर्किन्स (52) ने पहले विकेट के लिए 121 रन जोड़कर वेस्टइंइडीज को तूफानी शुरुआत दिलाई। लेकिन वेस्टइंडीज की टीम जब मजबूत स्थिति में नजर आ रही थी तब बिन्नी ने अपनी शानदार गेंदबाजी से मैच का रुख बदल दिया और वेस्टइंडीज की टीम छह विकेट पर 246 रन ही बना सकी।

### गुजरात टाइटंस के सहयोगी स्टाफ से जुड़े मैथ्यू वेड

**नयी दिल्ली।** गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 से पहले ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर मैथ्यू वेड को टीम का सहायक कोच नियुक्त किया है। वेड 2022 और 2024 में खिलाड़ी के रूप में दो सत्र के लिए टाइटंस के साथ थे लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद आईपीएल की बड़ी नीलामी का हिस्सा नहीं बने। गुजरात टाइटंस ने 'एक्स' पर लिखा, ''चैंपियन। फाइटर। अब हमारे सहायक कोच! जीटी (गुजरात टाइटंस) के डगआउट में आपका स्वागत है, मैथ्यू वेड। वेड ने आईपीएल में कुल 15 मैच खेले जिसमें से 12 में उन्होंने टाइटंस का प्रतिनिधित्व किया। वह 2022 में हार्दिक पंड्या के नेतृत्व में खिताब जीतने वाली टीम का हिस्सा थे। वेड टाइटंस के कोचिंग स्टाफ में मुख्य कोच आशीष नेहरा, बल्लेबाजी कोच पार्थिव पटेल और सहायक कोच आशीष कपूर और नरेंद्र नेगी के साथ शामिल होंगे।

### एनसीएलएटी ने डंकन इंडस्ट्रीज के लिए समाधान योजना की मंजूरी के खिलाफ याचिकाएं खारिज की

**नयी दिल्ली।** अपीलीय न्यायाधिकरण एनसीएलएटी ने डंकन इंडस्ट्रीज की समाधान योजना को मंजूरी देने वाले एनसीएलटी के आदेश के खिलाफ याचिकाओं खारिज कर दिया है। राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने यह भी स्पष्ट किया कि डंकन इंडस्ट्रीज की समाधान योजना को मंजूरी देते समय, एनसीएलटी ने चाय बागानों के पट्टों के नवीनीकरण के संबंध में कोई टिप्पणी नहीं की है। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की कोलकाता पीठ ने 18 अक्टूबर, 2024 को यूनिग्लोबल पेपर्स द्वारा दायर समाधान योजना को मंजूरी दी थी। इसे मेरिको एग्रो इंडस्ट्रीज और नागरी फार्म टी कंपनी ने अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष चुनौती दी थी। समाधान योजना को मंजूरी देते समय, एनसीएलटी ने अपने आदेश में सफल बोलीदाता यूनिग्लोबल पेपर्स को पट्टों के नवीनीकरण के लिए आवेदन करने और यदि मंजूरी मिलती है तो कब्जा लेने के लिए कहा था। आदेश के इस भाग को मेरिको एग्रो इंडस्ट्रीज, सम्मेलन टी एंड बेवरेजेज और नागरी फार्म टी कंपनी ने अपीलीय न्यायाधिकरण एनसीएलएटी के समक्ष अपील दायर करके चुनौती दी थी। एनसीएलएटी की तीन सदस्यीय पीठ ने याचिकाओं को खारिज कर दिया, लेकिन स्पष्ट किया कि पट्टों के नवीनीकरण का सवाल पश्चिम बंगाल राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में है। एनसीएलएटी पीठ ने कहा कि एनसीएलटी के आदेश को पट्टों के नवीनीकरण के संबंध में किसी राय के रूप में नहीं माना जाना चाहिए।

### पेप्सिको का पांच साल में भारत में अपना राजस्व दोगुना करने का लक्ष्य, दो और संयंत्र खोलने की योजना

**नयी दिल्ली।** पेप्सिको के भारत एवं दक्षिण एशिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जागृत कोटेचा ने कहा है कि कंपनी अगले पांच वर्षों में भारत में अपना राजस्व दोगुना करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। कंपनी भारत को एक 'प्रमुख बाजार' के रूप में देख रही है, जहां वह अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए 'आक्रामक' निवेश कर रही है। कोटेचा ने बातचीत में कहा कि भारत पेप्सिको के लिए वैश्विक राजस्व बढ़ाने में 'वृद्धि का इंजन' होगा, क्योंकि यह कंपनी के लिए शीर्ष तीन बाजारों में से एक है, जहां वह दहाई अंक की वृद्धि दर्ज कर रही है। पेप्सिको खाद्य, नाश्ता और पेय उत्पाद पेश करती है। कोटेचा ने कहा कि पेप्सिको ने उत्तर प्रदेश और असम में नए संयंत्रों में निवेश किया है, जिसका उद्देश्य मांग से आगे रहना है। उन्होंने कहा कि कंपनी भारत में 'निवेश से पीछे नहीं हटेगी' तथा दो और संयंत्र खोलने की योजना बना रही है, जिनमें एक संयंत्र दक्षिणी क्षेत्र में होगा। कोटेचा ने कहा, ल्हमारा मानना ??है कि भारत पेप्सिको के लिए वृद्धि का इंजन होगा और शीर्ष पंक्ति को आगे बढ़ाएगा। हां, यह उत्तरी अमेरिका जितना बड़ा नहीं है क्योंकि यह बहुत अधिक विकसित श्रेणी है।

## सानवी सोमू एमेच्योर एशिया पैसीफिक चैंपियनशिप में संयुक्त 38वें स्थान पर

डा नैंग (वियतनाम)। सानवी सोमू रविवार को यहां महिला एमेच्योर एशिया पैसीफिक गोल्फ चैंपियनशिप में भारतीय खिलाड़ियों के बीच सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए संयुक्त रूप से 38वें स्थान पर रहीं। सानवी ने लगातार दूसरे दौर में एक अंडर 70 का स्कोर बनाया जिससे उनका कुल स्कोर दो ओवर रहा। पदार्पण कर रही भारत की 14 साल की गुंतास कौर संधू टूर्नामेंट में कट हासिल करने वाली सबसे युवा भारतीय बनीं। उन्होंने अंतिम दौर में सात ओवर 78 के लचर प्रदर्शन के साथ कुल नौ ओवर का स्कोर बनाया और 47वें स्थान पर रहीं। भारत की मन्नत बरार ने भी अंतिम दौर में 78 का निराशाजनक स्कोर बनाया और कुल 10 ओवर के स्कोर से 48वें स्थान पर रहीं। दस साल की उम्र में ऑस्ट्रेलिया जाने वाली और अब अमेरिका में कॉलेज गोल्फ खेल रहीं जीनिथ वोंग महिला एमेच्योर एशिया-पैसीफिक चैंपियनशिप जीतने वाली पहली मलेशियाई खिलाड़ी बनीं।

# जैंड्सचुल्प से हार कर जोकोविचव इंडियन वेल्स से हुये बाहर

एजेंसी

कैलिफोर्निया। सार्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच दूसरे दौर में बोटिक वैन डे जैंड्सचुल्प से हराकर इंडियन वेल्स मास्टर्स से बाहर हो गए हैं। दो घंटे से अधिक समय तक चले मुकाबले में शनिवार को डच खिलाड़ी बोटिक वैन डे जैंड्सचुल्प ने नोवाक जोकोविच को 6-2, 3-6, 6-1 से हराया। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन जोकोविच के साथ पिछले कई सालों में यह दूसरी बार है जब उन्हें कैलिफोर्निया में हार का सामना करना पड़ा हैं।



मैच के बाद जैंड्सचुल्प ने कहा कि मैंने वास्तव में अच्छी शुरुआत की लेकिन दूसरे सेट में नोवाक ने वापसी की। अंत में तीसरे सेट में अपनी लय वापस पाकर मैं खुश था। वहीं दिन के अन्य मुकाबलों में सातवीं वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव को इटली के माटेओ अर्नाल्डी से 6-4, 7-5 से हार का सामना करना पड़ा तथा 17वीं वरीयता प्राप्त फ़ेलिक्स ऑगर-अलियासिमे को अमेरिका के जेनसन ब्रुक्सबी से 6-4, 6-2 से हार का सामना करना पड़ा।

## उत्तर क्षेत्रीय हॉकी में दिल्ली ऑडिट बनी चैम्पियन

प्रयागराज। दिल्ली ऑडिट ने एजीयूपी को 4-0 से हराकर भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा विभाग की उत्तर क्षेत्र हॉकी प्रतियोगिता के खिताब पर कब्जा जमा लिया। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय स्थित एस्ट्रो टर्फ हॉकी मैदान पर रविवार को खेले गये खिताबी मुकाबले में दिल्ली ऑडिट के लिए पहले हॉफ में विष्णु कांत ने 14वें मिनट में गोल करके अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। दूसरे हॉफ के 47वें मिनट में राजकुमार पाल ने दूसरा, 49वें मिनट में नितिन मुकेश तिग्गा ने तीसरा और 57वें मिनट में मिथिलेश कुमार ने चौथा गोल करके दिल्ली ऑडिट को 4-0 से जीत दिला दी। एजी-दिल्ली के नीलम मैन ऑफ दी मैच तथा एजीयूपी के अंकित मलिक मैन ऑफ दी टूर्नामेंट रहे। एजी-दिल्ली के ओलम्पियन राजकुमार पाल को मुख्य अतिथि प्रधान महालेखाकार रामहित ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए लेखापरीक्षा मनोरंजन क्लब के अध्यक्ष एवं उपमहालेखाकार श्रेयांश सिंह व अन्य पदाधिकारियों अनिल सिंह, अमित सिंह, कुशल बाल्मिकी एवं कमेंटेटर विजय पांडेय को बधाई दी। समापन समारोह में उप महालेखाकार एम पी श्रीवास्तव के साथ दीपक श्रीवास्तव, अजय भट्ट एवं जय किशन, वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

## बायर्न म्यूनिख और लीवरकुसेन बुंदेसलीगा में हारे

बर्लिन। शीर्ष पर चल रहे बायर्न म्यूनिख को दो गोल की बढ़त बनाने के बावजूद बोचुम के खिलाफ बुंदेसलीगा फुटबॉल मुकाबले में 2-3 से हार का सामना करना पड़ा लेकिन बायर लीवरकुसेन की टीम इसका फायदा उठाने में नाकाम रही। लीवरकुसेन की टीम भी शनिवार को वर्डर ब्रेमेन के खिलाफ 0-2 से हार गई। ब्रेमेन ने सभी प्रतियोगिताओं में मिलाकर अपने पिछले पांच मैच गंवाए थे। बायर्न की टीम 25 मैच में 61 अंक के साथ शीर्ष पर बनी हुई है जबकि लीवरकुसेन इतने ही मुकाबलों में 53 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। बोरूसिया डोर्टमंड को भी ऑग्सबर्ग के खिलाफ 0-0 से हार झेलनी पड़ी जबकि स्टुटगार्ट को होल्सटेन किएल ने 2-2 से बराबरी पर रोका। वॉल्फ्सबर्ग और सेंट पॉली का मैच 1-1 से बराबर रहा जबकि फ्राइबर्ग और लेपजिग ने गोल रहित ड्रॉ खेला।

# सर्राफा बाजार में चमका सोना चांदी के भाव में मामूली गिरावट

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने के भाव में तेजी का रुख नजर आ रहा है। दूसरी ओर, चांदी में आज 100 रुपये प्रति किलोग्राम की मामूली गिरावट दर्ज की गई है। सोना आज 510 रुपये से लेकर 560 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हुआ है। भाव में आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 87,710 रुपये से लेकर 87,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 80,400 रुपये से लेकर 80,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं, चांदी की कीमत में आज गिरावट आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु 99,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में



24 कैरेट सोना 87,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 80,550 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 87,710 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 87,760 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 80,450 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 87,710 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 80,400 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 87,710 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 87,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 80,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 87,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 80,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 87,860 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## नागपुर में पतंजलि फूड पार्क से विदर्भ के किसानों को राहत मिलेगी: गडकरी

नागपुर, नौ मार्च (भाषा) केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को कहा कि नागपुर में नया पतंजलि फूड और हर्बल पार्क विदर्भ क्षेत्र के किसानों के लिए राहत लेकर आएगा। गौरतलब है कि इस क्षेत्र में किसान आत्महत्या की कई घटनाएं हुई हैं। गडकरी और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर के मिहान में फूड पार्क का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पतंजलि आयुर्वेद के सह-संस्थापक रामदेव और इसके प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण मौजूद थे। गडकरी ने विदर्भ में संतरा किसानों की भलाई के लिए उनके द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी दी। उन्होंने क्षेत्र में फलों के उत्पादन और गुणवत्ता में सुधार के साथ ही उपज की अच्छी कीमत सुनिश्चित करने के लिए किए गए उपायों के बारे में भी बताया। नागपुर लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले गडकरी ने कहा, ''नया पार्क विदर्भ क्षेत्र के किसानों के लिए राहत लेकर आएगा।

## वेतन संशोधन वार्ता जारी रहने के बावजूद श्रमिक संगठन कर रहे हैं विरोध-प्रदर्शन : एनएमडीसी


एजेंसी

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की लौह अयस्क खनन कंपनी एनएमडीसी ने रविवार को कहा कि वेतन संशोधन पर बातचीत जारी रहने के बावजूद श्रमिक संघ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। एनएमडीसी ने बयान में कहा कि उसने राष्ट्रीय राजधानी में मुख्य श्रम आयुक्त (केंद्रीय) को पहले ही सूचित कर दिया है कि श्रमिक संगठनों ने छह मार्च से काम में 'जानबूझकर' सुस्ती की नीति अपनाई है। एनएमडीसी के अनुसार, सबसे हालिया वेतन संशोधन 2017 में हुआ था, और अगला संशोधन 2022 में होने वाला था। यूनियनों द्वारा मांगों का चार्टर (सीओडी) 27 फरवरी, 2023 को पेश किया गया था। एनएमडीसी प्रबंधन ने तेजी से काम किया और आठ महीने के भीतर श्रमिक संगठनों के साथ आम सहमति बना ली। अगस्त, 2024 में द्विपक्षीय उप-समिति ने अपनी सिफारिशें पेश कीं। वेतन समझौते के संबंध में ट्रेड यूनियनों और एनएमडीसी प्रबंधन के बीच पहले ही सहमति बन चुकी है। मामले को पुष्टि के लिए इस्पात मंत्रालय को भेजा गया था। एनएमडीसी प्रबंधन मंत्रालय के साथ मामले को आगे बढ़ा रहा है और समय-समय पर यूनियन नेताओं को परिणाम के बारे में जानकारी दे रहा है। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ने कहा कि उसने मंत्रालय को यह भी सूचित किया है कि हड़ताल से एनएमडीसी में उत्पादन बुरी तरह प्रभावित हुआ है, जो पहले से ही चालू वित्त वर्ष (2024-25) के लिए 4.8 करोड़ टन के वार्षिक लक्ष्य को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहा है। पिछले कुछ दिन में उत्पादन में 60 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है, जिससे कंपनी के लिए पिछले वित्त वर्ष (2023-24) में दर्ज उत्पादन को प्राप्त करना भी बड़ी चुनौती बन गया है।

# महंगाई आंकड़ों पर रहेगी बाजार की नजर

एजेंसी

मुंबई। अमेरिकी टैरिफ में राहत दिये जाने के संकेत के बीच चीन की जवाब कार्रवाई में प्रोत्साहिन पैकेज और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के बैंकिंग तंत्र में तरलता बढ़ाने की घोषणा से स्थानीय स्तर पर हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह डेढ़ प्रतिशत से अधिक उछले घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह वैश्विक रुख और फरवरी के महंगाई आंकड़ों पर नजर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1134.48 अंक अर्थात 1.55 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 74332.58 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 427.8 अंक यानी 1.93 प्रतिशत की मजबूती के साथ 22552.50 अंक पर रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के मुकाबले मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली की रफ्तार अधिक तेज रही। इससे मिडकैप 1296.27 अंक अर्थात 3.4 प्रतिशत उछलकर सप्ताहांत पर 39888.29 अंक और स्मॉलकैप 2523.96 अंक यानी 5.6 प्रतिशत की तेजी के साथ 45606.86 अंक हो गया। विश्लेषकों के अनुसार, बीते सप्ताह अमेरिकी कॉमर्स सेक्रेटरी हॉवर्ड लटनिक ने संकेत दिया है कि ट्रंप सरकार कुछ टैरिफ में राहत दे सकती है, खासतौर पर कनाडा और मैक्सिको से आने वाले उत्पादों पर टैक्स में कटौती संभव है। इस घोषणा के बाद वैश्विक बाजार में सकारात्मक रुख देखने को मिला, जिससे भारतीय



बाजार में भी तेजी आई। ट्रंप प्रशासन की नीतियों जवाब में चीन द्वारा घोषित राहत पैकेज के कारण चीनी और जापानी बाजारों में मजबूती देखने को मिली। इसका असर भारतीय बाजारों पर भी पड़ा, जिससे सकारात्मक सेंटीमेंट बना रहा। इसके साथ ही अमेरिका द्वारा चीन, मैक्सिको और कनाडा पर लगाए गए भारी टैरिफ भारतीय निर्यातकों के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं। इससे भारतीय कृषि उत्पादों, मशीन टूल्स, टेक्सटाइल्स, केमिकल्स और लेदर प्रोडक्ट्स की अमेरिकी बाजार में मांग बढ़ने की उम्मीद है, जिससे भारत को व्यापारिक लाभ मिल सकता है। साथ ही आरबीआई ने बुधवार को घोषणा की है कि बैंकिंग तंत्र में तरलता बढ़ाने के लिए वह इस वर्ष 12 मार्च और 18 मार्च को दो अलग-अलग चरण में एक लाख करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूति खरीदेगा। साथ ही 24 मार्च को 10 अरब डॉलर/रुपये की खरीद/बिक्री स्वैप ऑक्शन करेगा। इससे निवेशकों में खासा उत्साह रहा और जबरदस्त लिवाली से बाजार को बल मिला। अगले सप्ताह इन कारकों के साथ ही स्थानीय स्तर पर फरवरी 2025 के महंगाई आंकड़ों पर निवेशकों की पैनी नजर रहेगी। अगले सप्ताह थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारिक थोक महंगाई और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई के आंकड़े आने वाले हैं। साथ ही अगले सप्ताह विदेशी संस्थागत निवेशकों के रुख का भी बाजार पर असर रहेगा। एफआईआई मार्च में अबतक कुल 15,501.57 करोड़ रुपये की बिकवाली कर चुके हैं। हालांकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) की जारी लिवाली ने बाजार को संतुलित रखने में मदद की है। डीआईआई इस महीने अबतक कुल 20,950.89 करोड़ रुपये के लिवाल रहे हैं। अगले सप्ताह 14 मार्च को होली के अवकाश के कारण बाजार में चार दिन कारोबार होगा। बीते सप्ताह सोमवार को वैश्विक स्तर से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू स्तर पर रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, एचडीएफसी बैंक, अडानी पोर्ट्स जैसी दिग्गज कंपनियों में हुयी बिकवाली के कारण शेयर बाजार पर बिकवाली का दबाव रहा है।


स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242

Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।



सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की साई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# श्री काशी विश्वनाथ धाम में पूरे उल्लास के साथ निभाई गई हल्दी की रस्म

## श्री काशी विश्वनाथ का गौना उत्सवः भव्यता और श्रद्धा का संगम, दरबार में जुटे शिवभक्त

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





वाराणसी। श्री काशी विश्वनाथ के गौना उत्सव (रंगभरी एकादशी) की पूर्व संध्या पर रविवार को श्री काशी विश्वनाथ धाम में हल्दी की पारंपरिक रस्म पूरे विधि-विधान और भव्यता के साथ हुई। इस अवसर पर धाम में भक्ति, उल्लास और आस्था का अद्वितीय संगम देखने को मिला। श्रद्धालुओं की अपार भीड़ और भक्तिमय माहौल ने काशी की गलियों को मंगलमय कर दिया।

दरबार में उत्सव की शुरुआत प्रातःकाल मथुरा स्थित श्री कृष्ण जन्मस्थल से बाबा विश्वनाथ के लिए भेजी गई हर्बल अबीर-गुलाल और अन्य उपहार सामग्री के आगमन से हुई। साथ ही, सोनभद्र से आए वनवासी समाज के भक्तों द्वारा भेंट किए गए राजकीय फूल पलाश से निर्मित हर्बल गुलाल को भी बाबा विश्वनाथ के गर्भगृह में अर्पित किया गया। इस पवित्र अनुष्ठान का नेतृत्व मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र और डिप्टी कलेक्टर शम्भु शरण ने किया। उन्होंने विधि-विधानपूर्वक श्री विश्वेश्वर का पूजन कर हर्बल गुलाल चढ़ाया, जिससे गर्भगृह का वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो गया। पूजन के उपरांत बाबा विश्वनाथ की चल रजत प्रतिमा की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई, जो मंदिर चौक से होकर गुजरी। इस आलौकिक दृश्य ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। हजारों भक्तों ने इस आध्यात्मिक यात्रा में भाग लेकर बाबा विश्वनाथ और मां गौरा की प्रतिमा पर हल्दी अर्पित की। हल्दी की इस परंपरा को सौभाग्य, मंगलकामना और पवित्रता का प्रतीक माना जाता है। इस महोत्सव में मथुरा से आए भक्तगण, श्री कृष्ण जन्मस्थली से उपहार लेकर आए श्रद्धालु, इतिहासकार एवं लेखक विक्रम सम्पत और वनवासी समाज के भक्तों ने विशेष रूप से सहभागिता की। उनकी उपस्थिति ने इस आयोजन की भव्यता को और बढ़ा दिया। विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं के संगम ने काशी की धार्मिक और सांस्कृतिक एकता को सशक्त रूप में प्रस्तुत किया। मंदिर न्यास के अनुसार, यह आयोजन न केवल काशी विश्वनाथ धाम के भक्तों के बीच एकता और आस्था को मजबूत करता है बल्कि काशी की ऐतिहासिकता और सांस्कृतिक धरोहर को भी सहेजने का प्रयास है। रंगभरी एकादशी महोत्सव का उद्देश्य धार्मिक परंपराओं को पुनर्जीवित करना और काशी की सनातन संस्कृति को जन-जन तक पहुँचाना है। इस वर्ष रंगभरी एकादशी को त्रिदिवसीय लोक उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। बीते शनिवार को बाबा विश्वनाथ एवं मां गौरा की चल प्रतिमा को शास्त्रीय अर्चना के साथ मंदिर चौक में शिवार्चनम् मंच के निकट तीन दिनों के लिए विराजमान किया गया।

इस विशेष आयोजन का उद्देश्य श्रद्धालुओं के बीच धार्मिक और सांस्कृतिक संबंधों को और प्रगाढ़ बनाना है। गौना उत्सव के माध्यम से काशी की प्राचीन परंपराएं और संस्कृति पुनर्जीवित हो रही हैं। यह महोत्सव न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि काशी की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने का एक प्रयास भी है। श्री काशी विश्वनाथ का गौना उत्सव काशी की आस्था, संस्कृति और परंपरा का जीवंत प्रतीक है। यह भव्य आयोजन श्रद्धालुओं को काशी की अध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव कराता है।

## पंचकोशी यात्रा कर नागा संत पहुंचे काशी विश्वनाथ दरबार, बाबा को अर्पित की हल्दी

वाराणसी। धर्मनगरी काशी में प्रयागराज महाकुंभ से लौटे श्रीपंचायती महानिर्वाणी अखाड़ा के नागा संतों ने पंचकोशी यात्रा पूरी कर रविवार को श्री काशी विश्वनाथ दरबार में उपस्थिति लगायी। इस दौरान काशी विश्वाथ का दरबार ''हर-हर महादेव'' और ''बम-बम भोले'' के जयघोष से गूंज उठा।

महानिर्वाणी अखाड़ा के नेतृत्व में संतों ने पांच दिवसीय यात्रा के उपरांत मणिकर्णिका चक्र पुष्कर्णी तीर्थ कुंड में संकल्प का विसर्जन किया। इसके बाद विधि-विधान से बाबा विश्वनाथ के दरबार में दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। नागा संतों ने रंगभरी एकादशी से पूर्व बाबा के गौना की खुशी में उनके रजत विग्रह पर हल्दी और पुष्प अर्पित किए। गौरतलब है कि लगभग 75 किलोमीटर लंबी इस पंचकोशी परिक्रमा का आरंभ मणिकर्णिका घाट पर संकल्प लेकर किया गया था। महाकुंभ में अमृत स्नान के बाद काशी लौटे नागा साधुओं ने रामेश्वर से पांचों पांडव होते हुए अंतिम पड़ाव कपिलधारा तक यात्रा की। इस दौरान परंपरा अनुसार दर्शन-पूजन के साथ रात्रि विश्राम में भजन-कीर्तन भी किया। अंततः मणिकर्णिका पहुंचकर यात्रा का संकल्प पूरा किया। पंचकोशी यात्रा- काशी (वाराणसी) की यह प्राचीन और महत्वपूर्ण धार्मिक परंपरा है, जिसमें श्रद्धालु लगभग 80 किलोमीटर की यात्रा करते हैं। इस परिक्रमा का उद्देश्य काशी क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों और तीर्थस्थलों का दर्शन कर पुण्य अर्जित करना होता है। परिक्रमा मार्ग में कुल 108 शिवलिंग और अनेक देवी-देवताओं के मंदिर स्थित हैं, जो भक्तों की आस्था का केंद्र हैं। महाकुंभ 2025 के समापन के बाद नागा साधु और संत काशी में एकत्रित हुए हैं। परंपरा के अनुसार, महाकुंभ के स्नान के पश्चात नागा संत काशी आकर बाबा विश्वनाथ के दर्शन और गंगा स्नान करते हैं।

# रोटरी क्लब ने होली मिलन समारोह के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर किया सम्मान समारोह



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोरखपुर। रोटरी क्लब गोरखपुर ने होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया और इसी अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में विशिष्ट महिलाओं को सम्मानित किया। इस रंगारंग कार्यक्रम में क्लब के सदस्यों ने सपरिवार भाग लिया और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ होली के पारंपरिक रंगों में सराबोर हुए। कार्यक्रम में बरसाना और नंदगांव की फूलों की होली विशेष आकर्षण का केंद्र रही। साथ ही, रोटेरियन्स ने नृत्य-नाटिकाओं और फाग गीतों के माध्यम से उत्सव को जीवंत बना दिया। रोटरी क्लब के अध्यक्ष महावीर प्रसाद कंडोई ने कहा कि होली का पर्व हमें आपसी प्रेम और सौहार्द बढ़ाने का संदेश देता है। यह रंगों का त्योहार हमारे जीवन में खुशियां भरता है। क्लब के सचिव संचित श्रीवास्तव ने कहा कि होली हमें सामाजिक भेदभाव मिटाकर एकजुट होने और गिले-शिकवे भुलाने की प्रेरणा देती है। कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों ने होली के पारंपरिक गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें उपस्थित सदस्यों ने खूब सराहा। पारंपरिक साड़ी और लहंगे में सजी रोटेरियन महिलाएं एवं भारतीय परिधान में पहुंचे रोटेरियन पुरुषों ने कार्यक्रम में उत्साह का रंग भर दिया। बच्चों के लिए विशेष उपहार भी वितरित किए गए। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में पूर्वी नारायण पांडेय, डॉ. रश्मि श्रीवास्तव, आलोक अग्रवाल, मनीष जायसवाल, प्रवीरद्ध आर्या और डॉ. बबिता शुक्ला का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष सर्वेश दूबे, अनूप अग्रवाल, डॉ. आर.पी. शुक्ल, पुष्प दंत जैन, सतीश राय, मंकेश्वर नाथ पांडेय, संजीव अग्रवाल, डॉ. अश्विनी अग्रवाल, शुभेंदु श्रीवास्तव, सुधांशु चंद्र वर्मा, प्रशांत त्रिपाठी, हरिनंदन श्रीवास्तव, आशुतोष मिश्र, अचिंत लहरी, डॉ. प्रीति मल्ल, शालिनी दास, रचना दास, माला श्रीवास्तव, विशाखा गुप्ता, अशोक गुप्ता, डॉ. मोहन झा, दिनेश सिंह सारथी, अरशद जमाल समानी, डॉ. सोहन, विकल्प त्रिपाठी, सज्जन माथुर, सुनील केशरवानी, महेश गर्ग, वी.के. श्रीवास्तव, मुकुल गुप्ता समेत अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। रोटरी क्लब के इस आयोजन ने होली के उल्लास और महिला सशक्तीकरण का एक अनूठा संगम प्रस्तुत किया। उत्सव में पारंपरिक होली गीतों के साथ-साथ आधुनिक संगीत पर भी कई प्रस्तुतियां हुईं, जिससे पूरा वातावरण संगीतमय हो उठा। उपस्थित जनसमूह ने फूलों की होली खेलते हुए इस आयोजन का भरपूर आनंद लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं और खेलों ने इस उत्सव को और भी रोमांचक बना दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया। इस भव्य आयोजन ने न केवल रंगों का उत्सव मनाया, बल्कि महिलाओं को सम्मानित कर समाज में उनके योगदान को भी रेखांकित किया। रोटरी क्लब के इस प्रयास की सभी ने सराहना की और उम्मीद जताई कि आने वाले वर्षों में भी इस तरह के आयोजन समाज में एकता और सौहार्द को मजबूत करेंगे।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**समूह संपादक**
डॉ. सुशीलचन्द्र त्रिवेदी 'मधुपेश'

**स्थानीय संपादक**
डा. एम.ए.ए.खान (लखनऊ)
(आई.ए.एस. से.नि.)

**डा. ओम प्रकाश**
(आई.ए.एस. से.नि.)

स्थानीय संपादक नोएडा/एनसीआर

**समन्वय संपादक**
आशुतोष रंजन

**समन्वय संपादक/महाप्रबंधक**
अनिल तिवारी

**साहित्यक संपादक**
आर.पी. शुक्ल, आई.ए.एस(से नि.)

**आध्यात्मिक संपादक**
श्री राम महेश मिश्र

**सह संपादक**
ताहिर इकबाल
आई.ए.एस(से नि.)

**सह संपादक**
मेजर. के. किशोर

**सह संपादक**
हरीशंकर शुक्ल (पी.पी.एस. से.नि.)

**उप सम्पादक**
प्रभात वर्मा

**स्टेट क्वार्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्क मुख्यालय**

कार्यालय फोन नं. : 0522-46 43988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल : noidarp@gmail.com

प्रधान कार्यालय : - एफ1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज लखनऊ,(उप्र)


# भारतीय त्यौहार हमें आपसी तालमेल एवं सौहार्द की शिक्षा प्रदान करते हैं : अजय कट्टा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



मुरादाबाद। भारत विकास परिषद लक्ष्य शाखा मुरादाबाद द्वारा रविवार को रंग बरसे होली महोत्सव का आयोजन किया गया। रंग, आस्था, उमंग, स्नेह एवं उन्नति के प्रतीक पर्व होली के उत्साह में सभी ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शाखा संस्थापक अजय कट्टा ने कहा कि भारतीय त्यौहार हमें आपसी तालमेल एवं सौहार्द की शिक्षा प्रदान करते हैं। स्वयंवर बैंकेट हाल में आयोजित होली महोत्सव के कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता और स्वामी विवेकानंद के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिल्पी अग्रवाल और हिमानी अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में तंबोला गेम, सरप्राइज़ गेम्स, कपल गेम्स और अंत में फूलों की होली कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बनी। सभी ने होली के गीतों की धुनों पर फूलों की होली खेली। इस अवसर पर लक्ष्य शाखा के अध्यक्ष डा. रोहित अग्रवाल ने सभी अतिथि एवं कार्यक्रम के आयोजकों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में परिषद कोषाध्यक्ष रितिक सिंघल, सहसचिव अश्विनी रस्तोगी सहित यश सिंघल, दीपक अग्रवाल एडवोकेट, नमन जैन, शिवम अग्रवाल, अभिनव अग्रवाल, रजत गोयल, आस्तिक गोयल, अंकित जैन, वंशिका अग्रवाल, प्रिया जैन, दिपाली अग्रवाल, रतिका अग्रवाल, प्रांजल सिंघल आदि उपस्थित रहे।

# वीबीएसपीयू के छात्रों को कोड इटरनिटी, नोएडा में मिला प्लेसमेंट

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में रविवार को कोड इटरनिटी, नोएडा द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया गया, जिसमें इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट छात्रों को सुनहरा अवसर मिला। भर्ती प्रक्रिया वेब डेवलपर, ग्राफिक्स डिजाइनर, सेल्स एग्जीक्यूटिव और एचआर मैनेजर पदों के लिए हुई।चयन प्रक्रिया दो चरणों में पूरी हुई–पहला समूह चर्चा (क्क्र) और दूसरा व्यक्तिगत साक्षात्कार (घ्क्र)। प्लेसमेंट ड्राइव का संचालन केंद्रीय प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सेल में हुआ। कोड इटरनिटी के सीईओ आदर्श श्रीवास्तव, सीटीओ राहुल मिश्रा और एचआर टीम ने छात्रों की तकनीकी दक्षता और आत्मविश्वास की सराहना की।कुल 17 छात्र चयनित हुए, जिनमें 10 सीएस/आईटी, 4 एमसीए/बीसीए और 3 एचआरडी/सेल्स के छात्र शामिल हैं। चयनित छात्रों की घोषणा करते हुए आदर्श श्रीवास्तव ने कहा कि छात्रों की प्रतिभा और सीखने की ललक देखकर खुशी हुई। भविष्य में भी हम ऐसे प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित करेंगे।केंद्रीय प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. अविनाश डी. पाथर्डीकर ने इस आयोजन के लिए कंपनी की भर्ती टीम को धन्यवाद दिया और छात्रों को आश्वस्त किया कि आगे भी ऐसे अवसर मिलते रहेंगे। इस प्लेसमेंट ड्राइव से विश्वविद्यालय के छात्रों को इंडस्ट्री में कदम रखने का शानदार मौका मिला।

# हैदराबाद के श्रद्धालु ने विशालाक्षी माता को अर्पित किया रजत मुकुट



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

वाराणसी। फाल्गुन शुक्ल पक्ष दशमी तिथि, रविवार को काशी के प्रसिद्ध शक्तिपीठ माता विशालाक्षी देवी को आधा किलो वजनी रजत मुकुट धारण कराया गया। यह पवित्र भेंट हैदराबाद के श्रद्धालु ब्रम्हाइया कुराबाला कोटा और जय ने पूरे श्रद्धा से अर्पित किया। माता के दोनों विग्रहों के लिए दो सुंदर रजत मुकुट भेंट किए गए, जो उनकी आस्था और भक्ति का अद्वितीय प्रतीक बने। इस पावन अवसर पर श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण मिश्र ने विधिवत अनुष्ठान संपन्न कराए। प्रातः काल माता का पंचामृत से अभिषेक किया गया, जिसके बाद उन्हें नवीन वस्त्र, मनमोहक हार और सुगंधित पुष्पों से अलंकृत किया गया। संपूर्ण विधि-विधान के साथ श्री मिश्र ने माता के दोनों विग्रहों को रजत मुकुट पहनाए, जिससे पूरा मंदिर परिसर दिव्यता और भक्ति से आलोकित हो उठा। अलंकरण के उपरांत माता की महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। जयकारों और मंत्रोच्चार से गूंजते मंदिर में भक्तों ने श्रद्धा और भावुकता के साथ माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। रजत मुकुट की यह भव्य भेंट और दिव्य श्रृंगार देखकर श्रद्धालु अभिभूत हो गए। माता विशालाक्षी का यह दिव्य रूप भक्तों के हृदय में सदा के लिए अमिट स्मृति बनकर बस गया।

# अहमदाबाद के पार्षदों के दल ने वाराणसी स्मार्ट सिटी की कार्यप्रणाली को समझा

- प्रधानमंत्री मोदी के गृह राज्य के पार्षदों ने वाराणसी में नगर निगम की व्यवस्थाओं का किया अवलोकन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गृह राज्य गुजरात के अहमदाबाद के नगर निगम के स्टैंडिंग काउंसिल के अध्यक्ष देवांग जितेन्द्रभाई दानी के नेतृत्व में 12 सदस्यीय पार्षदों के दल ने वाराणसी नगर निगम की सफाई व्यवस्था और स्मार्ट सिटी की कार्य प्रणाली का अवलोकन किया। दो दिवसीय प्रवास के अंतिम दिन रविवार को दल ने नगर में घर-घर से कूड़ा उठान और सफाई व्यवस्था को देख कर समझा। पहले दिन पार्षदों को नमो घाट से अस्सी घाट तक गंगा में क्रूज से यात्रा कराई गई। इसके बाद उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के जवाहर नगर गुरुधाम स्थित संसदीय कार्यालय में नियमित कार्यकलापों का निरीक्षण किया। साथ ही दल ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन किए। दूसरे दिन प्रातः पार्षदों ने गांधी नगर और सिगरा क्षेत्र में सफाई और घर-घर से कूड़ा उठान की व्यवस्था देखी। उन्होंने यूजर चार्जेज की निगरानी के लिए लगाए गए क्यूआर कोड की उपयोगिता के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके अतिरिक्त दल ने पैदल भ्रमण कर सिगरा स्थित त्रिनेत्र भवन का निरीक्षण किया। स्मार्ट सिटी परियोजना के आईटी अधिकारी राहुल तिवारी ने आधुनिक तकनीकी सेवाओं के बारे में प्रस्तुतीकरण दिया। स्मार्ट सिटी के सभागार में महापौर अशोक कुमार तिवारी ने अतिथियों का अंगवस्त्रम् और श्री काशी विश्वनाथ दरबार का मोमेंटो देकर स्वागत किया और नगर निगम की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। महापौर ने प्रयागराज में हुए महाकुंभ 2025 के लिए की तैयारियों की जानकारी दी, जिसमें मंदिर क्षेत्रों की सफाई, गंगा घाटों की व्यवस्था, शेल्टर होम, लाकर रूम, निःशुल्क भोजन वितरण, अतिरिक्त वाहन स्टैंड, मार्ग प्रकाश और अतिरिक्त सफाई कर्मियों की तैनाती शामिल है। उन्होंने बताया कि नगर निगम ने डोमरी क्षेत्र में 600 बीघा सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराया है। अहमदाबाद नगर निगम के दल में पंकज बच्चूभाई भट्ट, मनीष नरसिंह सोलंकी, मेहुलभाई चीनूभाई शाह, आरती गिरीश पंचाल, ओमप्रकाश मुक्ताजी बागदी, विजय पंचाल, विपुल चिनूभाई पटेल, बाकुला इंजीनियर, जिगिशाबेन सोलंकी, भाविक कुमार कानुभाई पटेल और भाविक पटेल शामिल थे।